राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट, नोटिस, वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरांचल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात, संस्करण मंगलवार 14 मई 2024 वर्ष-7, अंक-110 पृष्ठ-08 मूल्य-01 रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## बच्चों पर चीता मां ने लुटाया प्यार और ढेर सारा दुलार

### चिलचिलाती गर्मी में कूनो नेशनल पार्क से भारत के चीतों की आई खूबसूरत तस्वीरें

**भोपाल (एजेंसी)।** मदर्स डे पर कूनो जंगल प्रशासन ने तीन चीता माताओं की कहानी शेयर की है। अलग-अलग दिनों पर मादा चीता के वीडियो कूनो प्रबंधन ने शेयर किए हैं। पहली कहानी में चीता आशा का परिचय दिया गया है। वह छह साल की है और 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से भारत आई थी।

आशा नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखा है। इसके साथ ही ज्वाला भी मां बनी है। तीसीरी चीता मां गामिनी है जो दक्षिण अफ्रीका से आई थी। उसने छह शावकों को जन्म दिया था। कूनो प्रबंधन ने तीनों के वीडियो शेयर किए हैं, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे भारतीय वातावरण में ये तीनों मां शावकों को जीने की कला सिखा रही हैं।



### आशा ने तीन शावकों को दिया है जन्म

मादा चीता आशा कई बार कूनो जंगल की सीमा लांघकर बाहर भी चली गई है। वह 2023 के मानसून के दौरान जंगल में लौटी थी और 3 जनवरी 2024 को तीन शावकों को जन्म दिया, जिनका पिता एक नर नामीबियाई चीता पवन था। आशा के शावक अब लगभग साढ़े चार महीने के हो चुके हैं, और पहली बार भारतीय गर्मियों का सामना कर रहे हैं।

आशा अपने शावकों को भारत वातावरण में रहने का गुर सिखा रही है। साथ ही अपने बच्चों को खाने के लिए वह शिकार भी करती है। कूनो प्रबंधन ने बताया कि वह उन्हें जीवित रहने की कला सिखाती है, शिकार का पीछा करने, तेजी से पीछा करने और छलावरण के महत्व पर अमूल्य सबक देती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी बोलीं-

### आज महिलाओं को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है, कांग्रेस का हाथ आपके साथ है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनावों के चौथे चरण के लिए सोमवार को वोट डाले गये। इस बीच यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने एक वीडियो मैसेज जारी किया। इसमें उन्होंने कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना के बारे में बताया है। सोनिया ने कहा स्वतंत्रता की लड़ाई से



लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है, लेकिन आज महिलाओं को भयंकर महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। उनकी मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस एक क्रांतिकारी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा- कांग्रेस महालक्ष्मी योजना से गरीब परिवारों की महिलाओं को 1 लाख रुपए देकर उनकी स्थिति में सुधार करेगी। कर्नाटक और तेलंगाना में पहले ही हमारी गारंटियों ने करोड़ों परिवारों की जिंदगी बदल दी है।

### पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती का चुनाव आयोग को लेटर, लिखा- पार्टी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी रोके

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक चीफ महबूबा मुफ्ती ने पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न और अवैध गिरफ्तारी को रोकने के लिए चुनाव आयोग को लेटर लिखा है। मुफ्ती ने कहा- मुझे पता चला है कि केंद्र सरकार के कहने पर



राज्य प्रशासन, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के मतदाताओं और समर्थकों को डराने-धमकाने में लगा है। महबूबा ने लिखा- मैं पुलवामा और शोपियां जिलों में सुरक्षा एजेंसियों की छापेमारी और पीडीपी कार्यकर्ताओं को परेशान करने की खबरों से बहुत परेशान हूं। कई पार्टी सदस्यों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं को बिना किसी कारण के मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया है। पीडीपी चीफ ने चुनाव आयोग से अपील की- मैं आपसे चुनाव में धांधली की किसी भी कोशिश को नाकाम करने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए तुरंत ऐक्शन लें।

# 10 राज्यों की 96 सीटों पर 5 बजे तक 62.31 प्रतिशत मतदान

### आंध्र में विधायक-वोटर ने एक-दूसरे को थप्पड़ मारे, कांग्रेस प्रत्याशी के भाई ने शख्स को लात मारी







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के चौथे फेज में सोमवार को 9 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 96 सीटों पर वोटिंग हुई। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की 175 और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान हो रहा है।5 बजे तक 62.31 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र में तीन लोगों की अलग-अलग वजह से मौत हुई है। पश्चिम बंगाल के बोलपुर में वोटिंग से एक दिन पहले टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या हो गई। टीएमसी ने सीपीआई (एम) समर्थकों पर बम धमाके का आरोप लगाया है। दुर्गापुर में भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई है।

**बिहार पोलिंग एजेंट की हार्ट अटैक से मौत** - बिहार के मुंगेर में वोटिंग से पहले एक पोलिंग एजेंट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुंगेर में ही वोटिंग के दौरान पर्ची नहीं देने के आरोप में कुछ लोगों ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और 2 युवकों को हिरासत में ले लिया। महाराष्ट्र के बीड में एक न्यूज चैनल के पत्रकार की हार्ट अटैक से मौत हुई है।

**वोटर ने विधायक को थप्पड़ मारा-** आंध्र प्रदेश के गुंटूर से बायएसआर कांग्रेस के विधायक अन्नाबाथुनी शिवकुमार ने एक बूथ पर वोटर को थप्पड़ जड़ दिया। जवाब में वोटर ने भी उन्हें थप्पड़ मारा। इसके बाद विधायक समर्थकों ने शख्स की पिटाई कर दी। शख्स ने विधायक को कतार में नहीं आने पर टोका, जिस पर विवाद हुआ। आंध्र प्रदेश में ही वोटर के साथ दुर्व्यवहार का एक दूसरा मामला सामने आया है। जहीराबाद के कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश शेतकर के भाई नागेश शेतकर ने एक वोटर को लात मारी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। इसके बाद वोटर की बाइक गिरा दी गई, जब वो उठाने गया तो उसे शेतकर ने पैर से मारा।


दोपहर 3 बजे तक सभी लोकसभा सीटों पर 52.60 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 66.05 प्रतिशत और जम्मू कश्मीर में सबसे कम 29.93 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसके अलावा आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में 55.49 प्रतिशत और ओडिशा विधानसभा के फर्स्ट फेज में 52.91 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है।

**महाराष्ट्र के बीड में न्यूज चैनल के पत्रकार की मौत-** महाराष्ट्र के बीड लोकसभा चुनाव को कवर करने के लिए मुंबई से अंबाजोगाई शहर आए एक हिंदी न्यूज चैनल के वीडियो जर्नलिस्ट का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इनका नाम वैभव कलगुटकर है।

## मुंबई में अचानक मौसम बदला

- दिन में रात का नजारा, तेज आंधी के बाद बारिश

**नई दिल्ली/मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में सोमवार 13 मई को दोपहर 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। धूल भरी आंधी के बाद बारिश भी शुरू हो गई। तेज हवा और आंधी से दिन में ही रात सा नजारा दिखने लगा। अंधेरा छा गया। इससे मुंबई एयरपोर्ट पर ऑपरेशन बंद कर



दिया गया। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को डाइवर्ट किया गया और कुछ के समय में बदलाव किया गया।

मुंबई के घाटकोपर, बांद्रा, कुर्ला, धारावी इलाके में 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 3-4 घंटों के दौरान ऐसा ही मौसम रह सकता है। पालघर और ठाणे जिलों में अलग-अलग स्थानों पर 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती हैं। कुछ जगह पर तेज हवाओं के साथ बिजली गिर सकती है।

## पीएम ने दो तरह के जवान बनाए, गरीब और अमीर

### गरीब को अग्निवीर नाम दिया, जिसे शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा

**रायबरेली (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने रायबरेली में कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो तरह के जवान बनाए हैं। एक- जो गरीबों का बेटा होगा, दलित, आदिवासियों, पिछड़ों का



बेटा होगा, दूसरा- अमीर घर का बेटा होगा। गरीब घर के बेटे को उन्होंने अग्निवीर नाम दिया है। उससे कहा है कि तुम्हारी जान जाएगी तो तुम्हें शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। तुम्हें पेंशन और केंटीन की सुविधाएं भी नहीं मिलेंगी। अगर तुम शहीद हुए तो भारत सरकार तुम्हारे परिवार की रक्षा नहीं करेगी। अगर आप अग्निवीर नहीं हो, अगर आप सीनियर अफसर या चार में से एक हो तो आपको पेंशन मिलेगी, शहीद का दर्जा मिलेगा।

### पीएम ने पटना साहिब गुरुद्वारे में बनाया खाना, रोटी बेली

## लंगर में बैठे लोगों को परोसा भी; अरदास लगाई, माथा टेका



**पटना (एजेंसी)।** बिहार दौरे के दूसरे दिन सोमवार को पीएम मोदी पटना सिटी के तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे पहुंचे। पीएम ने यहां माथा टेका और अरदास की। यहां प्रसाद खाने के बाद पीएम लंगर वाले एरिया में गए। वहां उन्होंने खाना बनाया। प्रधानमंत्री ने रोटियां भी बेलीं। साथी ही लंगर में लोगों को अपने हाथ से खाना परोसा। पीएम सिर पर पगड़ी पहने हुए थे। वे गुरुद्वारे में करीब 20 मिनट रुके। उनके साथ रविशंकर प्रसाद और अश्विनी चौबे भी थे। यह पहला मौका है, जब कोई पीएम पटना साहिब गुरुद्वारे पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पटना सिटी में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पीएम के कार्यक्रम को लेकर सिख समुदाय के लोगों में काफी उत्साह दिखा। तख्त श्री हरविंदर साहिब गुरुद्वारा को रंग रोगन के साथ दुल्हन की तरह सजाया गया था।

### भगवा रंग में रंगी वाराणसी, रोड शो में पीएम मोदी का हुआ भव्य स्वागत

**वाराणसी (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने रोड शो से पहले महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पीएम मोदी का रोड शो में भव्य स्वागत हुआ। पीएम मोदी आज यानी मंगलवार को तीसरी बार बनारस से नामांकन करेंगे।

### बिहार में मोदी का इंडिया गठबंधन पर पलटवार

### कहते हैं पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं, अरे भाई हम उनको पहना देंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और उसके नेताओं को ''कायर'' बताया जो ''पाकिस्तान की परमाणु शक्ति से डरे हुए'' हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) उम्मीदवार के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा, ''देश का चुनाव है, ये हिंदुस्तान का भविष्य तय करने का चुनाव है, ये चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है। देश, कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता।'' ''ये 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के कैसे बयान आ रहे हैं। ये लोग इतने डरे हुए हैं कि इनको रात में सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखायी देता है। कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे भाई, हम पहना देंगे। उनको आटा भी चाहिए, बिजली भी नहीं है। अब हमको मालूम नहीं था कि उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं।

### पीओके पर विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक

## था, है और रहेगा...कहा- उल्टी दिशा में चल रहा विपक्ष

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पीओके को भारत में विलय करने के भारत के रुख की पुष्टि की। पीओके में आर्थिक बदहाली के खिलाफ चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के कारण झड़पें और बवाल पैदा हो रहे हैं। पाकिस्तान और पीओके की सरकार के सामने चुनौती है कि वो आम नागरिकों के गुस्से का सामना करे तो कैसे।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिर कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (पीओके) पहले भी भारत का था, आज भी भारत का ही है और आगे भी भारत का ही रहेगा। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है जिसे छुड़ाने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। जयशंकर ने कहा, पीओके भारत का हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने मुंबई में नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में भारतीय पूंजी बाजार विकसित भारत के लिए रोडमैप पर एक सेमिनार में मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं।

उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि भारत की नीति स्पष्ट है- पीओके पर अवैध कब्जे को हटाना है और इसका भारत में विलय करना है। क्या विपक्षी दल भी पीओके पर ऐसी ही राय रखते हैं? इस सवाल पर जयशंकर ने कहा कि विपक्ष उल्टी दिशा में बढ़ रहा है। विदेश मंत्री बोले, हमारा इरादा पक्का है कि एक दिन पीओके पर अवैध कब्जा हटेगा और इसका भारत में विलय होगा। अब आप देखिए कि किस तरह विपक्ष उल्टी दिशा में चल रहा है। जयशंकर ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा, अगर मैं रिकॉर्ड की बात करूं तो पिछले पांच सालों में हमारी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक अनुच्छेद 370 को हटाना है।

## दिल्ली सीएम हाउस में स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप

- केजरीवाल के पीए ने पीटा, पुलिस बोली- सांसद मैडम ने 2 बार फोन कर जानकारी दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से सोमवार को दिल्ली सीएम हाउस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार ने



मारपीट की। यह दावा भाजपा के आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने किया है। उन्होंने कहा कि आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ सीएम केजरीवाल के पीए विभव कुमार ने मारपीट की है। ये घटना सीएम हाउस में हुई, लेकिन कोई आधिकारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। दोपहर 4 बजे तक ना दिल्ली महिला आयोग ना आप पार्टी ने इस घटना की पुष्टि की।

**पुलिस ने कहा- मैडम थाने आई थीं, लेकिन शिकायत नहीं की-** डीसीपी (नॉर्थ) मनोज मीना ने बताया, हमें सुबह 9:34 बजे एक पीसीआर कॉल मिली जिसमें कॉल करने वाले ने कहा कि उसके साथ सीएम आवास के अंदर मारपीट की गई है। उसके बाद स्थानीय पुलिस और एसएचओ ने कॉल का जवाब दिया।

## एक गुब्बारे ने निकाल दी चीन की हवा!

### अमेरिकी प्रतिबंधों से बुरी तरह हिली ड्रैगन की इकॉनमी

**यूएस/बीजिंग (एजेंसी)।** दुनिया की दो सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देशों अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा है। लेकिन पिछले साल फरवरी में हुई एक घटना ने दोनों देशों को बहुत दूर कर दिया है। चीन का एक गुब्बारा अमेरिका के ऊपर मंडरा रहा था। अमेरिका ने इसे जासूसी गुब्बारा बताया था। हालांकि चीन का कहना था कि यह मौसम की थाह लेने वाला गुब्बारा था जो उड़कर अमेरिका पहुंच गया था। लेकिन अमेरिका ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए चीन की कई कंपनियों पर पाबंदी लगा दी। चीन ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका मामले को जरूरत से ज्यादा तूल दे रहा है। लेकिन इस घटना के बाद से ही चीन के बुरे दिन शुरू हो गए। देश की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है।

बाइडन सरकार ने गुरुवार को चीन की 37 और कंपनियों पर पाबंदियां लगा दी। इनमें से कुछ कंपनियों पर चीन के जासूसी गुब्बारे को सपोर्ट करने का आरोप है। कॉमर्स डिपार्टमेंट का कहना है कि



वह चाइना इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी ग्रुप की कुछ कंपनियों को उस लिस्ट में शामिल कर रहा है जो अमेरिकन टेक्नोलॉजी को हासिल करने की योजना बना रही हैं। चीन क्वांटम टेक्नोलॉजी की क्षमताओं विकसित कर रहा है। अमेरिका का कहना है कि इस टेक्नोलॉजी के सैन्य इस्तेमाल से उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर हो सकता है। चाइना इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी ग्रुप चीन की सेना का टॉप सप्लायर है। पिछले महीने चीन के कॉमर्स डिपार्टमेंट ने चीन के पांच कंपनियों और एक रिसर्च इंस्टीट्यूट को इस लिस्ट में शामिल किया था।

## संपादकीय

# एआई की दुनिया

कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नित नई होती दुनिया पर सबकी नजर स्वाभाविक और सुखद है। इंटरनेट पर अब लोगों के लिए केवल सर्च इंजन नहीं, बल्कि एआई से लैस बेहतर सर्च इंजन की उपलब्धता सुनिश्चित होने वाली है। इंटरनेट की दुनिया में यह सबसे बड़ी खबर है कि ओपनएआई एक नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित सर्च इंजन की घोषणा के लिए तैयार है। यह घोषणा किसी भी समय हो सकती है और इसके साथ ही गूगल की बादशाहत को भी चुनौती मिलने लगेगी। अभी गूगल का सर्च इंजन हर कंप्यूटर और हरेक स्मार्टफोन में मौजूद है, पर जब ओपनएआई का कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाला सर्च इंजन सक्रिय हो जाएगा, तो स्थितियां बदलेंगी। वैसे पर्प्लेक्सिटी नामक एक सर्च इंजन भी लगातार विकसित हो रहा है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस है, लेकिन ओपनएआई का सर्च इंजन विशेष होगा। यह गौर करने की बात है कि ओपनएआई ने बड़ी संख्या में गूगल के विशेषज्ञ प्रोग्रामरों को अपने यहां बहाल किया है, जिससे यह संभावना बढ़ी है कि ओपनएआई दुनिया के सामने कुछ बहुत खास पेश करने वाला है। माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अभी सबसे आगे है। चैटजीपीटी भी ओपनएआई का अब तक का सफलतम उत्पाद है। अब नए सर्च इंजन के आने से ओपनएआई के चैटजीपीटी की क्षमताओं में वृद्धि की उम्मीद है, जिससे यह वेब से वास्तविक समय में या तत्काल जानकारी प्राप्त कर सकेगा और अपनी प्रतिक्रियाओं में अनेक उद्धरण शामिल कर सकेगा। यह अक्सर कहा जा रहा है कि चैटजीपीटी काफी मशीनी या एकरूपता वाले पाठ पेश कर रहा है, जबकि बाजार में ज्यादा विविधता वाले ऐसे पाठों की जरूरत है, जो मशीनी नहीं, बल्कि ज्यादा मानवीय लगें। एक ही तरह के बनावटी, घिसे-पिटे जवाबों या पाठों की शिकायतें बार-बार आ रही हैं। गूगल ही नहीं, बल्कि माइक्रोसॉफ्ट की भी कोशिश है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में त्रुटिहीन या कम त्रुटियों वाले उत्पाद पेश करे। हालांकि, ऐसा नहीं है कि पहली बार ओपनएआई का जुड़ाव किसी सर्च इंजन से होने जा रहा है। इसके पहले ओपनएआई ने माइक्रोसॉफ्ट के ही सर्च इंजन बिंज के साथ मिलकर काम किया है, जिसका लाभ चुनिंदा या प्रीमियम उपयोगकर्ताओं को ही मिला है। इंटरनेट की दुनिया में लोगों को नए सर्च इंजन का इंतजार तो है, पर ओपनएआई के ही एक शोधकर्ता द्वारा बनाए गए पर्प्लेक्सिटी की भी लोकप्रियता बढ़ी है और इस कंपनी का बाजार भाव एक अरब डॉलर से ज्यादा हो चुका है। बहरहाल, अभी जो एआई सक्षम सर्च इंजन उपलब्ध हैं, उनकी सेवाएं पाठ और छवि तक ही सीमित हैं, इसलिए बाजार में एक ऐसे सर्च इंजन की जरूरत है, जो व्यापक रूप से किसी भी खोज को ज्यादा बुद्धिमत्तापूर्ण ढंग से आसान बनाए। गूगल पर सर्च की अभी जो विविध सुविधाएं हैं, वैसा ही अगर ओपनएआई ने पेश किया, तो एक नई क्रांति आ जाएगी। हालांकि, गूगल भी शांत नहीं है, आने वाले दिनों में गूगल के सर्च इंजन में ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेश हो जाए, तो दुनिया में इंटरनेट सेवा एक अलग ही स्तर पर पहुंच जाएगी। लोग तो मानो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इंतजार में बैठे हैं। मिसाल के लिए, चैटजीपीटी की शुरुआत साल 2022 के अंत में हुई थी और अब तक उसके दस करोड़ मासिक उपयोक्ता हो चुके हैं। कुछ दिन और सब्र कीजिए, इंटरनेट की दुनिया में एक नई क्रांति के कदमों की आहट महसूस होने लगी है।

## आज का राशिफल

**मेष** — गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। व्यर्थ के कार्यों में धन खर्च करने के योग हैं। राजनैतिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे।

**वृषभ** — पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**मिथुन** — आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। किसी अभिन्न मित्र या रिश्तेदार से मिलाप की संभावना है।

**कर्क** — बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। पारिवारिक जनों से पीड़ा मिलने के योग हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। प्रणय संबंध मधुर होंगे।

**सिंह** — व्यावसायिक योजना सफल होगी। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। मकान सम्पत्ति व वाहन की दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा।

**कन्या** — रोजी रोजगार की दिशा में सफलता के योग हैं। सृजनात्मक कार्यों में हिस्सा लेना पड़ सकता है। खान-पान में संयम रखें। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में सफल रहेंगे।

**तुला** — शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। अपनों का सहयोग मिलेगा। वाणी की सौम्यता आपको धन लाभ करायेगी। व्यर्थ की भागदौड़ होगी।

**वृश्चिक** — व्यावसायिक योजना सफल होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें। आर्थिक उन्नति होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**धनु** — पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा।

**मकर** — बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। नेत्र विकार की संभावना है। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ेगा।

**कुम्भ** — दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। खान-पान संयम रखें। आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। विरोधियों का पराभव होगा।

**मीन** — जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। संतान के कारण चिंतित रहेंगे। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा।

# निर्यात में विविधता से चुनौतियों का मुकाबला

जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में 4 मई से सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। यह फैसला देश में प्याज के मौजूदा रबी पैदावार के अच्छे होने और बेहतर मानसून की वजह से इस वर्ष खरीफ के दौरान भी बढ़िया पैदावार की संभावना को देखते हुए किया गया है। सरकार ने प्याज निर्यात की न्यूनतम कीमत 550 डॉलर प्रति टन तय की है और इस पर 40 फीसदी का निर्यात शुल्क भी लगेगा। इस फैसले की वजह से देश में प्याज की पैदावार करने वाले किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष दिसंबर, 2023 में केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 के खरीफ पैदावार की स्थिति को देखते हुए प्याज निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया था। इसका असर घरेलू बाजार में खास तौर पर दिखा है। इस दौरान देश में प्याज की कीमतें अमूमन स्थिर रही हैं। चूंकि वर्ष 2023-24 में 2.55 करोड़ टन प्याज उत्पादन की संभावना है। जो देश की मांग और निर्यात मांग को देखते हुए पर्याप्त है। अभी निर्यात प्रतिबंधित होने के बावजूद बांग्लादेश, भूटान, यूएई, श्रीलंका आदि को कुछ मात्रा में प्याज की आपूर्ति की गई है। निश्चित रूप से प्याज निर्यात से प्याज उत्पादक किसानों को लाभ होगा। दरअसल, घटते हुए वैश्विक व्यापार और घटते हुए वैश्विक निर्यात के बीच भारत से निर्यात के सूझबूझपूर्ण निर्णय लिए जाने होंगे। यद्यपि भारत से पिछले कुछ वर्षों में लगातार रिकॉर्ड निर्यात हुए हैं, लेकिन अब भीषण होते हुए इस्राइल-ईरान टकराव से गहराती हुई नई वैश्विक व्यापार चुनौतियों के बीच भारत को निर्यात बढ़ाने व आयात घटाने की विशेष रणनीति के साथ आगे आना होगा। खासतौर से हाल ही में 28 अप्रैल को प्रकाशित आर्थिक टैंक ग्लोबल ट्रेड एंड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के वस्तु आयात में चीन की जो हिस्सेदारी बढ़कर 30 फीसदी के चिंताजनक स्तर पर पहुंचते हुए 101 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच गई है, उसे आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियानों से नियंत्रित करना होगा। गौरतलब है कि हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। ऐसे में गत वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 339.62 अरब डॉलर का रहा, जबकि वस्तु निर्यात 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा। जहां पिछले वर्ष में कुल आयात 854.80 अरब डॉलर का रहा, वहीं वर्ष 22-23 में कुल आयात 898 अरब डॉलर मूल्य का रहा था। ऐसे में पिछले वर्ष आयात में कमी से कुल व्यापार घाटे में 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। पिछले वर्ष में आयात में गिरावट की बड़ी वजह तेल का कम आयात था। कच्चे तेल की कीमतें कम रहने से बीते वर्ष में तेल के आयात पर करीब 16 फीसदी कम खर्च हुआ।

निश्चित रूप से बीते कुछ वर्षों में भारत के निर्यात का एक चमकदार पहलू सेवा निर्यात है। भारत डिजिटल माध्यम से मुहैया करायी गयी सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है। डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं। भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात बढ़ रहा है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वर्ष 2015-16 से लगाकर वर्ष 2022-23 के बीच भारत में जीसीसी की संख्या 60 फीसदी बढ़कर 1,600 से अधिक हो गई है। विश्व व्यापार संगठन की रिपोर्ट के अनुसार डिजिटल माध्यम से जुड़ी हुई सेवाओं के तेजी से बढ़ते निर्यात के कारण इस क्षेत्र में भारत जर्मनी और चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में अमेरिका, ब्रिटेन और आयरलैंड के बाद चौथे क्रम पर आ गया है। इस समय भारत के प्रमुख निर्यात बाजारों में अमेरिका, यूएई, यूरोपीयन यूनियन, ब्रिटेन, सिंगापुर, मलेशिया, बांग्लादेश, नीदरलैंड, चीन व जर्मनी शामिल हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत से दवाओं का निर्यात 2023-24 में 27.9 अरब डॉलर पहुंच गया है। 2022-23 के दौरान यह आंकड़ा 25.4 अरब डॉलर रहा था। सरकार द्वारा प्रमुख दवा सामग्री और जेनेरिक दवाओं के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए जो दो उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की गई हैं, उनका लाभ दवा निर्यात में मिलने लगा है। आईफोन के निर्यात में भी भारत उभरकर दिखाई दे रहा है। आईफोन निर्माता कंपनी एपल ने पिछले वर्ष में भारत से 10 अरब डॉलर के आईफोन का निर्यात किया, जो अभी तक का रिकॉर्ड है। कंपनी ने पीएलआई योजना के तहत पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में जो फोन बेचे, उनकी कीमत 2022-23 में बिके आईफोन की कीमत से दोगुनी करीब एक लाख करोड़ रुपये रही है। भारत में यह पहला मौका है, जब किसी कंपनी ने इतनी अधिक कीमत का अपना कोई उपभोक्ता उत्पाद निर्यात किया है। एपल दुनियाभर में वैल्यू चेन रखने वाली पहली ऐसी कंपनी है, जिसने भारत को घरेलू बाजार के बजाय निर्यात के लिए अपना केंद्र बना लिया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि युद्धजनित आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत के लिए वैश्विक व्यापार और निर्यात बढ़ाने हेतु मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की अहमियत और बढ़ गई है। भारत ने अब तक तीन एफटीए किए हैं। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मई 2022 में लागू द्विपक्षीय कारोबार में पिछले दो वर्षों में 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। यूएई, भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य, तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और चौथा सबसे बड़ा निवेशक देश है। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के साथ भी हुए एफटीए से भारत का ऑस्ट्रेलिया के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार बढ़ा है। विगत 10 मार्च को भारत और चार यूरोपीय देशों के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए किया गया एफटीए भी अत्यधिक उपयोगी है। दुनिया में भू राजनीतिक मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं, उससे कच्चे तेल के दाम के साथ-साथ आपूर्ति संकट बढ़ने की चिंताएं मुंहबाएं खड़ी हैं। इससे भारत के वैश्विक व्यापार व निर्यात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में भारत को निर्यात बढ़ाने व चीन से आयात घटाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। देश में उच्च ब्याज दरों और मांग में कमी के कारण निर्यात के मोर्चे पर जूझ रहे छोटे निर्यातकों को कम ब्याज दरों पर ऋण मुहैया कराने व बैंक को इसके बदले सरकार से मुआवजा दिए जाने के लिए लागू की गई इंटरेस्ट इक्वलाइजेशन स्कीम (आईईएस) की जो अवधि 30 जून, 2024 को समाप्त हो रही है, उसे एक वर्ष के लिए और आगे बढ़ाया जाना लाभप्रद होगा। जिस तरह विकसित अर्थव्यवस्था वाले कई देश लम्बे समुद्री आवागमन से पहुंचने वाले दूरदराज के देशों की बजाय अपने तट के आसपास के देशों में कारोबार पर जोर दे रहे हैं, वैसी रणनीति पर भारत को भी ध्यान देना होगा। यद्यपि भारत को दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी सेवा निर्यात में तुलनात्मक रूप से बढ़त हासिल है लेकिन यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करना होंगे।

लेखक अर्थशास्त्री हैं।



# मोदी के आत्मविश्वास को हल्के में न ले विपक्ष

( लेखक राकेश अचल )

7 तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने से श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को जनता जनार्दन के अलावा कोई दूसरा नहीं रोक सकत। अठारहवीं लोकसभा के लिए अभी मतदान के चार चरण ही पूरे हुए हैं किन्तु मोदी जी का आत्मविश्वास देखते हुए विपक्ष को सावधान हो जाना चाहिए ,क्योंकि मोदी जी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों का एजेंडा बना कर रख लिया है। किसी भी राजनेता को मोदी की ही तरह काम करना चाहिए ,ये मै मोदी जी की रीति-नीति का प्रबल विरोधी होते भी कह रहा हूँ। पूरी भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को भूल चुकी है और तीसरी बार भी चुनाव भावनात्मक,भ्रामक तथा झूठ के आधार पर लड़ रही है। चौथे चरण की पूर्व संध्या पर भी भाजपा की पूरी टीम और माननीय मोदी जी ने हिन्दुओं के तुष्टिकरण के लिए मुसलमानों का हौवा खड़ा किया है। भाजपा के पक्ष में कोई हवा नहीं है फिर भी मोदी जी अपने सपने में रंग भरने पर आमादा हैं। निश्चित ही उनके हाथ कोई जादू की छड़ी लग गयी है जो जनमत को यकायक उनके पक्ष में खड़ा कर देगी। इंदिरा गांधी भी 1977 के आम चुनाव में उस तरह विपक्ष के निशाने पर नहीं थीं जिस तरह की आज मोदी जी विपक्ष के निशाने पर हैं। लेकिन मोदी जी किशोर कुंजर की तरह झूमते हुए चल रहे हैं। उन्हें आम चुनाव गले में पड़ी माला जैसा लग रहा है। विपक्ष का आत्मविश्वास अपनी जगह है ,लेकिन विपक्ष की और से सत्तापक्ष की तरफ से उछाले गए अबकी 400 पार जैसा कोई नारा नहीं उछाला गया है । लगता है कि विपक्ष केवल और केवल मोदी को रोकने के लिए कोशिश कर रहा है ,भाजपा को रोकने के लिए नहीं ,अन्यथा विपक्ष भी चार सौ पार जैसा कोई नारा उछालता ? भाजपा की सरकार ने अपने दस साल की उपलब्धियों को बलाए ताक रख दिया है। भाजपा और मोदी केवल और केवल हिन्दू-मुसलमान के आधार पर चुनाव लड़ रहे हैं और बेशर्मी के साथ हिन्दू मुसलमान कर रहे हैं। चुनाव के चलते भी भाजपा लगातार अपने भय को छिपाने के लिए दल-बदल के अभियान को जारी रखे हुए है। भाजपा के दूसरे बड़े नेता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खुद दल-बदल अभियान की कमान सम्हाले हुए हैं।



मतदान का चौथा चरण बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसी चरण के मतदान के बाद तय हो जाएगा की सत्ता की सीता किसका वरण करेगी ?वरमाला बूढ़े हो चले जिद्दी नरेंद्र दामोदर दास मोदी के गले में या साठा सो पाठा होने जा रहे राहुल गांधी के गले में। दोनों में भेद ये है कि मोदी स्वयंभू प्रधानमंत्री बन चुके हैं लेकिन राहुल गांधी ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। आईएनडीआईए लोकतान्त्रिक तरीके से अपना नेता चुनेगा । भाजपा की तरह वहां कोई भी अपने हाथ से अपने गले में माला डालकर अपने आपको नेता घोषित नहीं कर सकता। भाजपा ने तो मतदान के सभी चरण पूरे होने से पहले ही ,यानि जनादेश आने के पहले ही माननीय मोदी जी को अपना नेता मान लिया है। भाजपा के तमाम प्रत्याशियों को शायद टिकिट ही इसी शर्त पर दिए गए हैं कि वे मोदी जी के लिए ही अपना हाथ खड़ा करेंगे। मै माननीय मोदी जी के आत्मविश्वास की बात कर रहा था । आपको बता दूँ कि 24 में से 36 घंटे काम करने वाले मोदी फिलहाल चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, लेकिन उन्होंने अपनी सरकार के 100 दिन के एजेंडे को लागू करने के लिए अपने शीर्ष सचिवों की 10 समितियां नियुक्त की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही अपने चुनावी भाषणों में इस बात का जिक्र कर चुके हैं। ऐसे उम्मीद है कि सरकार 4 जून को चुनाव नतीजे आने के बाद नई सरकार बनने के तुरंत बाद होने वाली मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में 100 दिनों के एजेंडे पर चर्चा करेगी। उन्होंने कहा कि इन समूहों में शामिल मंत्रालयों में गृह, वित्त, रक्षा, विदेश और अन्य मंत्रालयों के सभी शीर्ष अधिकारी शामिल हैं।

मोदी जी की इस तैयारी को देखते हुए समूचे विपक्ष को अपनी रणनीति को मतदान कि बाकी तीन चरणों कि लिए नए सिरे से बनाना होगा ,अन्यथा अच्छे दिन न जनता कि लिए आ पाएंगे और न विपक्ष कि लिए। पहले अंग्रेजों ने देश को बांटा था,अब हम और हमारे भाग्यविधाता ये काम करेंगे। वे बिना औपचारिक विभाजन कि ही देश में लगातार हिन्दुओं को मुसलमानों से अलग करने की कोशिश पिछले दस साल से कर ही रहे हैं।संतोष की बात ये है की विपक्ष कि पास मोदी जी की ही शैली में सियासत करने वाला एक अरविंद केजरीवाल भी है ,जो पूरे आत्मविश्वास कि साथ मोदी को चुनौतियाँ दे रहा है। फिर भी खुदा खैर करे। सबका मालिक एक । जय सियाराम।

## विचार मंथन

# केजरीवाल की 10 गारंटियाँ बनाएंगी, उन्हें राष्ट्रीय स्तर का नेता?

(लेखक- सनत जैन )

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद धुआंधार चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। केजरीवाल शैली मे उन्होंने 10 गारंटी राष्ट्रीय स्तर पर मतदाताओं को दी है। आम आदमी पार्टी 22 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दिल्ली, पंजाब और गुजरात में उनके उम्मीदवार खड़े हैं। उन्होंने जिस तरह से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी गारंटी दी है। इंडिया गठबंधन से वह जुड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर एक भरोसा देने की कोशिश सभी राज्यों के मतदाताओं के बीच में की है। दिल्ली और पंजाब में उन्होंने जो काम सफलतापूर्वक करके दिखाए हैं। वही काम अब राष्ट्रीय स्तर पर करने का भरोसा दिलाने का प्रयास अरविंद केजरीवाल ने किया है। इंडिया गठबंधन का अभी तक संयुक्त घोषणा पत्र जारी नहीं हुआ है। जिस तरह से मध्य और निम्न वर्ग के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र और न्याय पत्र मे गारंटी दी गई है। केजरीवाल की 10 गारंटीयों में काफी समानता देखने को मिल रही है। केजरीवाल ने कहा वह इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगियों से चर्चा करके इन गारंटीयों को पूरा करने का वीड़ा उठा रहे हैं। केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर 24 घंटे बिजली की उपलब्धता, 200 यूनिट तक फ्री बिजली, सरकारी स्कूलों का कायाकल्प करने, शिक्षा का स्तर प्राइवेट स्कूलों की तुलना में और बेहतर बनाने, निशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की गारंटी देते हुए कहा, हम दिल्ली में यह सभी काम करके दिखा चुके हैं। जो गारंटी वह दे रहे हैं। उसको निश्चित रूप से पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में बोलते हुए कहा, जो-जो गारंटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 सालों में दी है। किसी एक भी गारंटी को उन्होंने पूरा नहीं किया है। मैं जो गारंटी दे रहा हूं,उसे दिल्ली और पंजाब में पूरा करके दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की गारंटी, हवा हवाई गारंटी नहीं है। इसके लिए किस तरह से धन जुटाया जाएगा। इसका प्लान भी तैयार किया जा चुका है। जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल बड़ी आक्रामक मुद्रा में दिख रहे हैं। उन्होंने दिल्ली में अपने प्रत्याशियों के लिए रोड शो भी किया। उन्होंने आम आदमी पार्टी के विधायकों की बैठक ली। इंडिया गठबंधन के नेताओं से चर्चा करके उत्तर प्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के लिए जाने की बात कही। अरविंद केजरीवाल ने अग्नि वीर योजना बंद करने, 2 करोड़ नौकरियां को सृजित करने,फसलों का समर्थन मूल्य पर बिक्री की गारंटी देने, चीन ने भारत की भूमि में जो कब्जा किया है। उसे वापस हासिल करने, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देना, उनकी 10 गारंटीयों में शामिल है। अरविंद केजरीवाल ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और विशेष रूप से व्यापारियों और गरीबों को लुभाने का हर संभव प्रयास किया है। अरविंद केजरीवाल ने 10 गारंटी के तहत राष्ट्रीय स्तर पर एक संदेश देने की कोशिश की है, वह राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं। राष्ट्रीय स्तर की उनकी सोच है। इसमें वह कितने सफल होते हैं। यह तो आने वाला समय ही बताएगा। बहरहाल इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कारण केजरीवाल की



गारंटियों प्रभाव 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी राज्यों में पडना तय माना जा रहा है।




## एमिरेट्स को 2023 में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर का मुनाफा

**दुबई ।** विमानन कंपनी एमिरेट्स ने 2023 में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया। दुबई सरकार के स्वामित्व वाली एमिरेट्स ने सोमवार को बताया कि 2023 में 33 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व दर्ज किया। 2022 में राजस्व 29.3 अरब अमेरिकी डॉलर और लाभ 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर था। एयरलाइन ने वित्त वर्ष 2023 में 5.19 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दीं, 2022 में यह संख्या 4.36 करोड़ थी। विमानन कंपनी एक जनवरी से 31 दिसंबर तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। एमिरेट्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक बयान में कहा` कि हमने दुनिया भर में पूरे वर्ष हवाई परिवहन तथा यात्रा संबंधी सेवाओं की उच्च मांग देखी। हम ग्राहकों की मांग पूरी करने में सक्षम रहे और हमने जबरदस्त परिणाम हासिल किए। उन्होंने कहा कि हम अपने उत्पादों तथा सेवाओं में निरंतर निवेश, मजबूत साझेदारी बनाने आदि का लाभ उठा रहे हैं।

## विदेशी क्रिप्टो कंपनियों के रजिस्ट्रेशन से दूर होगा कायदों में अंतर

**नई दिल्ली ।** दिग्गज कंपनियों बाइनैंस और क्यूकॉइन को धन शोधन निषेध इकाई से नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद अब क्रिप्टोकरेंसी क्षेत्र की तस्वीर अधिक साफ होती नजर आ रही है। इससे इस उद्योग की विश्वसनीयता भी बढ़ी है। इस क्षेत्र की कंपनियों ने नियामक के इस फैसले स्वागत किया है। मगर कई स्थानीय क्रिप्टो इकाइयों को यह अंदेशा भी है कि वैश्विक कंपनियों के आने पर उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। माना जा रहा है कि अब फाइनैंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया के पास पंजीकृत क्रिप्टो कंपनियों और अपंजीकृत विदेशी कंपनियों के बीच नियामकीय अंतर कम हो जाएगा क्योंकि क्यूकॉइन और बाइनैंस जैसी विदेशी कंपनियों ने एफआईयू के नियमों को मानते हुए ही पंजीकरण कराया है। क्रिप्टो एक्सचेंज कंपनी कॉइनडीसीएक्स के एक वे रिष्ठ अे धिकारी कहते हैं` कि भारत में क्रिप्टोकरेंसी उद्योग और व्यवस्था के लिहाज से देखा जाए तो किसी भी कंपनी का किसी विभाग या नियामक के अंतर्गत आना अच्छा है क्योंकि प्लेटफॉर्म पर चल रही गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। उन्होंने कहा कि भारत में कारोबार करने के लिए विदेशी कंपनियों का यहां के कानूनों का पालन करना जरूरी है। पहले नियमन की दिक्कत थी। देसी एक्सचेंज एफाईयू के साथ पंजीकृत थे और सक्रिय भी थे। मगर केवल वे कंपनियां पंजीकृत थीं और दूसरी नहीं थीं तो नियामकीय खाई पैदा हो रही थी। क्यूकॉइन और बाइनैंस के पंजीकरण के बाद यह अंतर कम हो जाएगा।

## एफएमसीजी कंपनियों को बिक्री बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** दैनंदिन की जरूरत का सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 में आय में सुधार के साथ बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। इन कंपनियों को कम मुद्रास्फीति के माहौल, सामान्य मानसून के अनुमान और अच्छी रबी की फसल के साथ खपत में सुधार की उम्मीद है। ब्रिटानिया, मैरिको, डाबर, जीसीपीएल और एचयूएल जैसी कंपनियों ने मार्च तिमाही के लिए अपने ताजा अनुमान में चालू वित्त वर्ष में आय बढ़ने की उम्मीद जताई है, क्योंकि अपस्फीति का चक्र खत्म हो गया है।प्रमुख जिंस कीमतों में गिरावट के चलते कंपनियों को कीमतें कम करना पड़ा। इसके चलते 2023-24 की आखिरी दो तिमाहियों में इन कंपनियों की बिक्री और मुनाफे पर असर पड़ा। एफएमसीजी कंपनियों को ग्रामीण बाजार में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है। इनकी कुल बाजार में एक तिहाई से अधिक हिस्सेदारी है। डाबर के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने एक निवेशक वार्ता में कहा कि चालू वित्त वर्ष में बिक्री वृद्धि महत्वपूर्ण होगी। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के अ धिकारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 आय वृद्धि का वर्ष है। चुनाव और मानसून के बाद दोहरे अंक में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

# अडानी एंटरप्राइजेज नए प्रोजेक्स पर 80 हजार करोड़ के निवेश करेगी

**मुंबई ।**

देश के प्रमुख कारोबारी गौतम अडानी का अडानी ग्रुप लगातार नए प्रोजेक्ट्स में निवेश को बढ़ा रहा है। अब अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में 80,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। अडानी एंटरप्राइजेज का बिजनेस रिन्यूएबल एनर्जी से लेकर एयरपोर्ट और डाटा सेंटर्स जैसे सेक्टर में है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 के कैपिटल एक्सपेंडिचर का एक बड़ा हिस्सा रिन्यूएबल एनर्जी बिजनेस और एयरपोर्ट्स पर होगा। रिन्यूएबल एनर्जी और एयरपोर्ट सेगमेंट में करीब 50,000 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय होगा। इस ग्रुप की अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड सोलर मॉड्यूल बनाती है। यह सूर्य के प्रकाश को बिजली और ग्रीन हाइड्रोजन में बदलता है। सौरभ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे की वजह से हम सड़क क्षेत्र में भी 12,000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। बाकी रकम कारोबारी क्षेत्रों में खर्च की जाएगी। अडानी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने एक विश्लेषक कॉल में कहा कि कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 के पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार और हवाई अड्डों पर होगा। उन्होंने कहा` कि हम 2024-25 में लगभग 80,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय करने पर विचार कर रहे हैं। इस व्यय का एक बड़ा हिस्सा एएनआईएल और हवाई अड्डा कारोबार में खर्च` किया जाएगा। इन क्षेत्रों में लगभग 50,000 करोड़ रुपए खर्च होगा। अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) सौर मॉड्यूल बनाती है जो सूर्य के प्रकाश को बिजली और हरित हाइड्रोजन में परिवर्तित करता है। उन्होंने कहा` कि फिर तीसरा हिस्सा सड़कों का होगा। गंगा एक्सप्रेसवे के कारण सड़क क्षेत्र में 12,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

## विदेशी निवेशकों ने 10 दिन में निकाले 17000 करोड

**शेयर बाजार मे लगातार गिरावट**

**नई दिल्ली ।**

मई माह के पहले सप्ताह में ही विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 17000 करोड रुपए की निकासी की है। भारतीय शेयर बाजार की तेजी के बाद अब मुनाफा वसूली का दौर शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव परिणाम की आशंका को देखते हुए विदेशी निवेशक मुनाफा वसूली करते हुए, शेयर की बिकवाली कर रहे हैं। मॉरीशस के साथ भारत के कर संबंधों मैं हुए बदलाव के बाद, शेयर बाजार से 8700 करोड रुपए की निकासी विदेशी निवेशकों ने पिछले महीने की थी। विदेशी पोर्टफोलियो के निवेशकों द्वारा लगातार निकासी किए जाने से, शेयर बाजार में गिरावट का दौर बना हुआ है। सोमवार को भी शेयर बाजार में गिरावट के साथ बाजार का कारोबार शुरू हुआ। शेयर बाजार की जानकारों का कहना है, लोकसभा चुनाव परिणाम आने तक शेयर बाजार में अस्थिरता बनी रहेगी। जिस तरह की घबराहट शेयर बाजार में देखने को मिल रही है। शेयर बाजार की विशेषज्ञों का कहना है, बाजार में आगे भी गिरावट बनी रहेगी।


## रेलिगेयर की कंपनी एनबीएफसी पर लगा फर्जीवाड़े का दाग हटाः रश्मि सलूजा

**नई दिल्ली ।**

बर्मन परिवार रेलिगेयर एंटरप्राइजेज के अधिग्रहण की कोशिश कर रहा है। इस बीच कंपनी की चेयरपर्सन रश्मि सलूजा का कहना है कि रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की संपत्तियों और निवेश का पूरा फायदा उठाने का काम अधिग्रहणकर्ता की गैर जिम्मेदारी की वजह से अटका हुआ है। सलूजा ने कहा कि रेलिगेयर समूह की चारों कंपनियां वित्तीय मोर्चे पर अच्छा कर रही हैं। हमारी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पर लगा फर्जीवाड़े का दाग हट गया है और कर्ज देने वालों के साथ एकमुश्त निपटारा भी कर दिया गया है। अब रेलिगेयर की आगे की संभावनाओं का फायदा उठाने पर जोर है। डाबर समूह के प्रवर्तक बर्मन परिवार ने रेलिगेयर में 26 फीसदी हिस्सेदारी और खरीदने के लिए पिछले साल अक्टूबर में खुली पेशकश का प्रस्ताव किया था किंतु उसे अभी तक नियामक से मंजूरी नहीं मिली है। रेलिगेयर का शेयर शुक्रवार को 212 रुपये पर बंद हुआ। खुली पेशकश 235 रुपये के भाव पर की गई थी लेकिन रेलिगेयर के बोर्ड ने इसका विरोध करते हुए कहा कि यह कंपनी के सही मूल्य के हिसाब से नहीं है। सलूजा ने कहा कि हम चाहते हैं कि अधिग्रहण का प्रस्ताव लाने वाले दूसरे शेयरधारकों के प्रति ज्यादा जिम्मेदारी दिखाएं और कंपनी से उन्हें पूरा फायदा देने में हमारी मदद करें। प्रबंधन नियामक से उचित एवं उपयुक्त तमगा हासिल करने में मदद नहीं कर सकता और यह काम उन्हें ही करना होगा। उन्होंने कहा कि खुली पेशकश से कंपनी के कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ा है मगर छोटे शेयरधारकों को नुकसान हो रहा है क्योंकि खुली पेशकश में रखी गई कीमत कंपनी के सही मूल्य और संभावनाओं के हिसाब से नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने हिस्से की जिम्मेदारी लेकर सुनिश्चित करना चाहिए कि अन्य शेयरधारकों को नुकसान न हो।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ

**मुम्बई ।**



शेयर बाजार सोमवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली (खरीददारी) से आई है। आज कारोबार के दौरान एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस और एक्सिस बैंक के शेयरों में तेजी रही। वहीं व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.36 फीसदी ऊपर आया जबकि बीएसई स्मॉलकैप 0.23 फीसदी नीचे आया। इंट्रा-डे में दोनों सूचकांकों में 1.5 फीसदी की गिरावट रही।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 111.66 अंक करीब 0.15 फीसदी की हल्की बढ़त के साथ ही 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 64.85 अंक तकरीबन 0.29 फीसदी बढ़कर 22,120.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स के अलावा सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड के शेयरों को लाभ हुआ। वहीं दूसरी ओर टाटा मोटर्स के शेयर सबसे ज्यादा आठ फीसदी गिरे। कंपनी का 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना बढ़कर 17,528.59 करोड़ रुपये पहुंचा पर इसके बाद भी उसके शेयर नीचे ही रहे। एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और नेस्ले के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गयी।

इससे पहले आज सुबह भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी50 की शुरुआत कमजोर रही। 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क 303 अंक की गिरावट के साथ 72,362 पर कारोबार कर रहा था, जबकि एनएसई फ्रंटलाइन इंडेक्स 98.10 अंक की गिरावट के साथ 22,000 के स्तर से नीचे आया। शुरुआती कारोबार में टाटा मोटर्स का शेयर 5 फीसदी से ज्यादा गिरा। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और मारुति सुजुकी के शेयर नुकसान में रहे।

दूसरी ओर एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग ऊपर आया। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में ज्यादातर में गिरावट रही जबकि अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में बढ़त रही।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 2,117.50 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे थे।

# वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच भारत का आयात 38 प्रतिशत बढ़ाः जीटीआरआई

**- 2018-19 में भारत का आयात 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था**

**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच भारत का संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों से वस्तुओं का आयात लगभग 38 फीसदी बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, एफटीए भागीदारों को देश का निर्यात 2018-19 में 107.20 अरब अमेरिकी डॉलर से 2023-24 में 14.48 प्रतिशत बढ़कर 122.72 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शोध संस्थान ने कहा कि भारत का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 37.97 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह वृद्धि भारत की वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर मुक्त व्यापार समझौतों के महत्वपूर्ण तथा विविध प्रभाव को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष में संयुक्त अरब अमीरात में भारत का निर्यात 2023-24 में 18.25 प्रतिशत बढ़कर 35.63 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2018-19 में यह 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था। आयात वित्त वर्ष 2018-19 में 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर से 61.21 प्रतिशत बढ़कर 48.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच एफटीए मई 2022 में लागू हुआ था। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया, जापान, 10 देशों वाले दक्षिणपूर्व एशियाई गुट आसियान और दक्षिण कोरिया के साथ भी एफटीए के



बाद निर्यात और आयात में बढ़ोतरी हुई है। भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में विश्व स्तर पर 17वें स्थान पर है। आयात के मोर्चे पर वैश्विक व्यापार में 2.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश आठवें स्थान पर है। वित्त वर्ष 2023-24 में हालांकि भारत का व्यापारिक निर्यात 3.11 प्रतिशत गिरकर 437.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया और आयात भी 5.4 प्रतिशत घटकर 677.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

## एयरटेल ने गूगल क्लाउड से साझेदारी की





**नई दिल्ली ।** भारती एयरटेल ने अपने ग्राहकों को क्लाउड समाधान उपलब्ध कराने के लिए गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी की है। सोमवार को संयुक्त बयान में कहा गया है कि दीर्घकालिक साझेदारी के तहत फास्ट-ट्रैक क्लाउड अपनाने के लिए गूगल क्लाउड से क्लाउड समाधान की पेशकश करेगा। दोनों कंपनियां उद्योग-अग्रणी एआई/एमएल समाधान विकसित करने के लिए संपर्क तथा एआई प्रौद्योगिकी की अनूठी ताकत को एक साथ लाएंगी, जिसे एयरटेल अपने बड़े डेटा सेट पर प्रशिक्षित करेगा। भारती एयरटेल के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि हम गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी करके खुश हैं और सरकार, उद्यमों तथा उभरते व्यवसायों के लिए सुरक्षित व स्केलेबल क्लाउड समाधानों के साथ इस बाजार के अवसर का संयुक्त रूप से दोहन करेंगे। दूरसंचार कंपनी ने पुणे में प्रबंधित सेवा केंद्र स्थापित किया है। इसमें 300 से अधिक विशेषज्ञों हैं जिन्हें वहां गूगल क्लाउड और डिजिटल सेवाओं दोनों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

# शेयर बाजारों को गिरने से बचाने विदेशी निवेश के आंकड़े छिपाएगा चीन

**शंघाई ।**

चीन के शेयर बाजारों में होने वाले विदेशी निवेश का लाइव डाटा सोमवार से आनलाइन प्लेटफार्मों पर उपलब्ध नहीं होगा। चीन द्वारा यह फैसला शेयर बाजारों में विदेशी निवेशकों द्वारा की जाने वाली सैलिंग के चलते होने वाली संभावित गिरावट को संभालने के लिए किया है। शंघाई और शेनेजन एक्सचेंजें हांगकांग एक्सचेंज के साथ ट्रेडिंग लिंक्स स्थापित करके चीनी बाजारों में हो रही विदेशी निवेशकों की खरीद और बिकवाली के डाटा को छिपाने जा रही है। हालांकि ये दोनों एक्सचेंजें कारोबारी सत्र बंद होने के बाद पूरे दिन में विदेशी निवेशकों की खरीद और बिकवाली के आंकड़े दिखाएगी और इसके साथ ही 10 सबसे ज्यादा ट्रेड हुए शेयरों के बारे में भी जानकारी देंगी। हालांकि स्टॉक एक्सचेंज के अधिकारियों का कहना है कि यह नियम अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों के मुताबिक किया जा रहा है, लेकिन इसे चीन द्वारा अपने बाजारों में विदेशी निवेशकों की बिकवाली से पड़ने वाले प्रभाव को सीमित करने के एक कदम के रूप में भी देखा जा रहा है। यह खबर बाजार में आने के बाद चीन के बाजारों में तेजी देखी गई है और निवेशक इसे चीनी बाजारों के लिए एक अच्छा फैसला मान रहे हैं। चीन की दोनों एक्सचेंजों ने इस फैसले की घोषणा 12 अप्रैल को की थी, और यह कहा था कि इसे लागू करने और इसके प्रभाव को देखने में कुछ समय लग सकता है। शनिवार को हांगकांग स्टाक एक्सचेंज ने जानकारी दी कि



रियल टाइम आंकड़ों को लेकर जानकारी में हो रहे बदलाव को सोमवार को लागू किया जाएगा। चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा शेयर बाजार है और इसमें फरवरी महीने के बाद से तेजी देखी जा रही है।

## अगले साल जापान को पछाड़ देगी भारत की अर्थव्यवस्था



**- भारत जापान को पीछे छोड़कर बन सकता है दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था**

**नई दिल्ली ।**

भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ोतरी होती दिखाई दे रही है। अगर उसकी यही रफ्तार रही तो अगले साल तक भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने कहा है कि 2025 वह साल होगा, जब भारत जापान से आगे निकल जाएगा। इन अनुमानों से जापान के लोगों में काफी गुस्सा है। साल 2010 तक जापान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। सिर्फ 15 साल में वह 5वें स्थान पर खिसकने वाला है। एक दशक पहले दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था भारत। अमिताभ कांत ने कहा कि हमें साल 2022 में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया था। अब जापान की बारी है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कलेक्शन में रिकॉर्ड उछाल, नियंत्रित महंगाई और जीडीपी के 8 फीसदी की रफ्तार से आगे जाने के चलते भारत जल्द ही जापान से आगे निकल जाएगा। फिलहाल अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान ही भारत से आगे हैं। एक दशक पहले दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी रहे भारत ने इन 10 सालों में लंबी छलांग लगाई है। फिलहाल भारत की जीडीपी 3.7 ट्रिलियन डॉलर आंकी जा रही है। इंटरनेशनल मोनेट्री फंड (आईएमएफ) ने अप्रैल अंत में अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी 2025 में 4.34 ट्रिलियन अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। यह जापान के 4.31 ट्रिलियन अरब डॉलर से ज्यादा होगी। इससे पहले आईएमएफ ने साल 2026 में भारत के आगे निकलने का अनुमान लगाया था। मगर जापान की मुद्रा येन में कमजोरी के बाद अनुमानों में बदलाव आया है। येन की वैल्यू यूरो की तुलना में 40 फीसदी तक नीचे चली गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अब जापान की अर्थव्यवस्था भारत का मुकाबला नहीं कर पाएगी। जापान एक साल पहले तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। पिछले साल जर्मनी ने उसे पीछे छोड़ दिया और अगले साल अब भारत के भी आगे जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। जापान के लोगों को सबसे बड़ा झटका साल 2020 में लगा था, जब चीन की अर्थव्यवस्था उनसे आगे निकल गई थी।

## तमिलनाडु में अंगूर की पैदावार में भारी गिरावट की आशंका

**चेन्नई ।**

तमिलनाडु के अंगूर किसान इस बार काफी निराश दिखाई दे रहे हैं। पिछले कुछ सप्ताह के दौरान तेज तापमान के कारण अंगूर की पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। राज्य में अंगूर की दो मुख्य किस्में पन्नीर थिराचाई (मस्कट हैम्बर्ग) और ओडैपट्टी बीज रहित अंगूर उगाई जाती हैं। थेनी के किसान के. मुनियंदी ने लगभग 10 एकड़ भूमि पर पन्नीर थिराचाई की खेती की है। उनका कहना है कि उच्च तापमान के कारण फसल की पैदावार में भारी गिरावट आएगी। आम तौर पर एक एकड़ में 10-12 टन अंगूर होते हैं। लेकिन तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने के कारण, उपज प्रति एकड़ तीन टन से भी कम होगी। एक एकड़ अंगूर की खेती के लिए किसान को करीब 1.25 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यदि पैदावार प्रति एकड़ तीन टन तक गिर जाए तो किसानों की स्थिति दयनीय हो जाएगी। पन्नीर थिराचाई किसान संघ के एक नेता ने कहा कि हमारे लगभग 90 प्रतिशत किसान कम्बम क्षेत्र में फलों की खेती कर रहे हैं। लू के थपेड़ों ने हमारी जिंदगी तबाह कर दी है। करीब 300 किसान पांच हजार एकड़ भूमि पर खेती कर रहे हैं और हमें भारी नुकसान की आशंका है। उन्होंने यह भी कहा कि उपज आम तौर पर मिलने वाली पैदावार के 80 प्रतिशत से कम होगी। उन्होंने तमिलनाडु कृषि विभाग से उनके नुकसान के लिए मुआवजा देने का आह्वान किया है। ओडैपट्टी बीज रहित अंगूर किसानों की भी यही कहानी है। ओडैपट्टी थेनी जिले का एक क्षेत्र है, जहां लगभग 1,000 एकड़ भूमि पर बीज रहित अंगूर की खेती की जाती है, जिसमें 200 किसान शामिल हैं।

# आईजीआई के एयरोसिटी में बनेगा सबसे बड़ा मॉल

**नई दिल्ली ।**

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के एयरोसिटी में 2027 तक भारत का सबसे बड़ा मॉल बन जाएगा, जो कि 2.5 बिलियन डॉलर की विशाल विस्तार परियोजना का हिस्सा है, जो अगले पांच वर्षों में देश के पहले एयरोट्रोपोलिस को बदल देगा। एयरोसिटी में पट्टे पर देने योग्य क्षेत्र मौजूदा 15 लाख वर्ग फुट से बढ़कर 2029 तक एक करोड़ वर्ग फुट से अधिक हो जाएगा, जिसमें दो चरणों में विस्तार होगा। वैश्विक व्यापार जिले को अतिरिक्त 65 लाख वर्ग फुट तक विस्तारित किया जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ कार्यालयों, खुदरा, खाद्य न्यायालयों और एक मनोरंजन-केंद्रित मेगा मॉल के लिए कुल 1.8 करोड़ वर्ग फुट का पट्टा योग्य क्षेत्र होगा। भारती रियल्टी, जिसने एयरोसिटी विकसित करने के लिए बोली जीती थी, के पास एक पट्टा है जो हवाई अड्डे के विकास और संचालन के लिए डीआईएएल के पट्टे के बराबर है, जबकि स्वामित्व राज्य के पास रहता है। चरण 2 में एयरोसिटी को वर्ल्डमार्क 4, 5, 6 और 7 मिलेगा, जिसमें 35 लाख वर्ग फुट लीज योग्य क्षेत्र होगा और भारत का सबसे बड़ा मॉल 28 लाख वर्ग फुट में फैला होगा, मौजूदा वसंत कुंज मॉल से तीन गुना बड़ा होगा। वर्तमान में एरोसिटी के 11 प्रमुख होटलों में 5,000 होटल कमरे हैं।

# आईपीएल 2024: प्लेऑफ के लिए निर्णायक मुकाबले में पूरी ताकत लगा देगी दिल्ली और लखनऊ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच अहम मुकाबला होगा। इस मैच में हारने वाली टीम प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। ऐसे में इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स का काम केवल जीत से ही नहीं चलेगा। उसे बड़ी जीत दर्ज करनी होगी क्योंकि उसका रन रेट कम है।

दोनो ही टीमों के अभी बराबर-बराबर 12-12 अंक हैं। दिल्ली की टीम के लिए राहत की बात ये रहेगी कि उसे अपने घरेलू मैदान पर खेलना है। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज असफल रहे थे। वहीं उसका क्षेत्ररक्षण भी खराब रहा था। टीम ने कई कैच छोड़े थे। इससे भी टीम दबाव में रहेगी।

वहीं दूसरी और लखनऊ की राह भी आसान नहीं है। कप्तान के एल राहुल के अलावा क्विंटन डिकॉक की खराब फॉर्म से भी टीम की मुश्किलें बढ़ी हैं। टीम को इस सत्र में पावर प्ले में भी मुश्किलें हुई हैं। ऐसे में मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन को रन बनाने होंगे। पूरन और आयुष बडोनी पिछले मैच में टीम को बेहतर स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे थे पर गेंदबाज असफल रहे थे। ऐसे में इस मैच में रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, मोहसिन खान को बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। बल्लेबाजी में दीपक हुडा, एश्टन टर्नर के अलावा क्रुणाल पंड्या को भी अपना योगदान देना होगा।

टीम को तेज गेंदबाज मयंक यादव के बाहर होने से भी नुकसान हुआ है क्योंकि यश ठाकुर और नवीन उल हक बेहतर गेंदबाजी नहीं कर पा रहे। इसके अलावा मोहसिन खान भी चोट के कारण पिछले मैच से बाहर थे। कृणाल पंड्या और रवि बिश्नोई की स्पिन जोड़ी भी सनराइजर्स के खिलाफ असफल रही थी।

वहीं दिल्ली की टीम को एक मैच के निलंबन के बाद वापसी कर रहे कप्तान ऋषभ पंत के आने से लाभ होगा। इसके अलावा टीम को सुपर जाइंट्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा क्योंकि टीम ने आरसीबी के खिलाफ कई कैच छोड़े हैं। इसके अलावा उसके गेंदबाजों ने भी आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में जमकर रन दिये। वहीं बल्लेबाजी के दौरान उसकी टीम विफल रही। उसने पावर पले में चार ओवर के अंदर ही चार विकेट खो दिए।




दिल्ली को बल्लेबाजी में युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कप्तान ऋषभ पंत के अलावा अभिषेक पोरेल से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। अक्षर पटेल ने पिछले मैच में अच्छी बल्लेबाजी की थी और वह ये सिलसिला बरकरार रखना चाहेंगे। गेंदबाजी में स्पिनर कुलदीप यादव को लखनऊ के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा।

दिल्ली कैपिटल्स का रन रेट चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तुलना में काफी कम है। कुछ परिणाम टीम के पक्ष में जाते हैं तो वह क्वालिफाई कर सकती है।

### टीम

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** - केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, एश्टन टर्नर, आयुष बदोनी, ऋुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, मोहसिन खान, यश ठाकुर, अर्शिन कुलकर्णी, युद्धवीर सिंह, दीपक हुडा, निकोलस पूरन।

----------------

**दिल्ली कैपिटल्स-** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# कोच्चि टस्कर्स ने कई क्रिकेटरों के पैसे नहीं दिये : श्रीसंत



**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत ने कहा है कि आईपीएल में साल 2011 में उन्होंने एक टीम कोच्चि टस्कर्स से खेला था पर उसके पैसे आज तक उन्हें नहीं मिले हैं। श्रीसंत के अनुसार 2011 के बाद टीम को आईपीएल से हटा दिया गया था। श्रीसंत ने कहा कि उनके अलावा कई और खिलाड़ियों को अभी तक इस टीम से खेलने के पैसे नहीं मिले हैं।

श्रीसंत ने कहा, कोच्चि टस्कर्स ने मेरे अलावा श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन, महेल जयवर्धने, ब्रेंडन मैक्कलम के भी पैसे नहीं दिये थे। साथ ही कहा कि रवींद्र जडेजा भी उस टीम में शामिल थे। ये टीम तीन साल तक खेलनी थी लेकिन एक साल बाद ही बाहर हो गई। मुझे लगता है कि इस मामले पर अधिक ध्यान नहीं दिया गया है। साथ ही कहा कि फ्रेंचाइजी की तरफ से पैसे लौटाने के लिए कई बार वादे किए गए हैं। मगर अबतक उन्होंने पैसे नहीं लौटाए हैं। इस मामले में उन्हें दूर-दूर तक सहायता की उम्मीद भी नजर नहीं आ रही है।

श्रीसंत ने ये भी कहा कि उन्होंने बचपन से क्रिकेट में नस्लीय ताने सुने। उन्होंने कहा कि जब वह अंडर-14 खेल रहे थे तभी से उनको नस्लीय ताने मिल रहे थे। श्रीसंत ने साल 2005 में भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने भारत के लिए तीनों प्रारुपों को मिलाकर 90 मैच खेले और 169 विकेट लिए। वह साल 2011 में वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा थे। श्रीसंत का करियर मैच फिक्सिंग में फंसने के बाद प्रतिबंधित होने के कारण समाप्त हो गया था।

# टी20 विश्वकप से पहले रोहित और हार्दिक के खराब फार्म पर इरफान पठान ने उठाये सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के खराब फार्म पर सवाल उठाये हैं। पठान ने कहा है कि अगले माह टी20 विश्वकप होना है और आईपीएल में रोहित और हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ये दोनो ही फार्म से बाहर है। पठान का मानना है कि अगर ये दोनों अपने फॉर्म में वापस नहीं आ पाए तो टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की परेशानी बढ़ जाएगी।

इरफान ने इसी को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा, पंड्या और रोहित की फॉर्म भारतीय टीम के लिए बड़ी चिंता का कारण है। उम्मीद है कि वह शीघ्र ही फॉर्म में वापस आ जायेंगे। इस आईपीएल सत्र में रोहित ने केवल एक शतक लगाने में सफलता हासिल की है पर इसके बाद से उनकी बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही है। वहीं, हार्दिक भी आईपीएल में प्रभावित नहीं कर पाये। रोहित ने 29.08 की औसत के साथ 349 रन बनाए हैं जबकि हार्दिक ने 13 मैच में 200 रन बल्ले से बनाए हैं। इसके अलावा गेंदबाजी में भी हार्दिक केवल 11 विकेट ही ले पाये हैं। टी20 कप को लेकर इन दोनो ही अहम खिलाड़ियों के खराब फार्म से प्रशंसक भी परेशान हैं हालांकि टीम प्रबंधन का मानना है कि से दोनो ही खिलाड़ी अपनी लय हासिल कर लेंगे।

# प्लेऑफ के लिए संघर्ष कर रही छह टीमें

**-अंक बराबर हुए तो बेहतर रनरेट वाली टीम को मिलेगा अवसर**



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में अब तक केवल एक टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की जगह प्लेऑफ में पक्की हुई है। वहीं तीन टीमें बाहर हो गयी हैं जबकि छह टीमें अब भी प्लेऑफ के लिए संघर्ष कर रही हैं। इन टीमों में राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपरकिंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स जैसी टीमें हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स की राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत से भी समीकरण बदले हैं। अब कोलकाता नाइटराइडर्स 9 मैच जीतकर 18 अंक लेकर तालिका में पहले नंबर पर पहुंच गयी है। ऐसे में उसका प्लेऑफ में खेलना तय नजर आता है। अब उसका लक्ष्य शीर्ष-2 में जगह बनाना रहेगा।

वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम सीएसके से हार के बाद भी अंकतालिका में दूसरे नंबर पर बरकरार है। उसका रनरेट 0.349 है। उसके अब दो मैच बचे हैं। अगर वह एक भी जीतती है तो 18 अंक के साथ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। अगर वह दोनों मैच हार जाए तो ही कुछ उलटफेर हो सकता है। अभी चेन्नई, हैदराबाद और लखनऊ की टीमें 16 अंक तक पहुंच सकती हैं। यदि ऐसा हुआ तो राजस्थान, चेन्नई, हैदराबाद और लखनऊ में से कोई तीन टीम ही आगे बढ़ेगी। इन टीमों का फैसला तब नेटरनरेट के आधार पर होगा। रॉयल्स के लिए राहत की बात यह है कि उसका रनरेट पॉजिटिव है, जबकि लखनऊ और दिल्ली का निगेटिव। ऐसे में वह 16 अंक के साथ भी प्लेऑफ में जगह बना सकती है।

वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की राह कठिन है। अगर वह अपना अंतिम मैच जीती तो 16 अंक के साथ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। वहीं अगर सीएसके अपना आखिरी मैच हारती है तो उसकी उम्मीदें समाप्त होंगी क्योंकि सीएसके के अलावा हैदराबाद (एसआरएच) के भी 14 अंक ही है। सीएसके चेन्नई हारी तो बेंगलुरू (आरसीबी) के भी 14 अंक हो जाएंगे। ऐसे में दिल्ली और लखनऊ भी 14 अंक हासिल कर सकते हैं। इन हालातों में नेटरनरेट से प्रभाव पड़ेगा और जिस भी टीम का रनरेट बेहतर होगा वह प्लेऑफ में पहुंच जाएगी।

# डु प्लेसिस ने कहा, अब हमारी बल्लेबाजी और गेंदबाजी लय में आयी

बेंगलुरु । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने दिल्ली कैपिटलस के खिलाफ टीम को मिली जीत पर खुशी जतायी है। इस जीत से आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं बरकरार हैं। अब उसे अगले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) से खेलना है। डु प्लेसिस ने दिल्ली के खिलाफ मिली जीत के बाद कहा किआज हमने अच्छा प्रदर्शन किया जिसके कारण मैं खुश हूं हालांकि सत्र का पहला भाग हमारे लिए अच्छा नहीं था। वहीं अब हमारी बल्लेबाजी और गेंदबाजी लय में आ गयी है। फाफ ने कहा कि स्वप्निल सिं ने हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि अब हमारी गेंदबाजी में काफी विविधता आई है। यश दयान का भी प्रदर्शन अच्छा हुआ है। वहीं, गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन के अनुसार



पूरे टूर्नामेंट में टीम ने कड़ी मेहनत की है। यहां तक कि जब हम हार रहे थे, तब भी सब कुछ बहुत समान था, हम अभी भी आनंद ले रहे थे, हम जानते थे कि चीजें जल्द ही सही हो जाएंगी। बल्लेबाजों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, यह सामान्य से थोड़ा अधिक पकड़ बना रहा था। आरसीबी अब 13 मैचों में 7 मुकाबले जीत चुकी है और उनके 12 अंक है।

# कुलदीप मुझे नेट्स में गेंदबाजी नहीं करते : स्टब्स




मुम्बई । दिल्ली कैपिटल्स की ओर से आईपीएल खेली रहे दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर ट्रिस्टन स्टब्स ने कहा है कि कुलदीप यादव उसे नेट्स में गेंदबाजी नहीं करते हैं। स्टब्स ने कहा कि मैंने कई बार उसका सामना करने की कोशिश की है पर वह मुझे गेंदबाजी नहीं करता। वहीं स्टब्स से जब कुलदीप यादव की ट्रेडमार्क रोंग-अन डिलीवरी का सामना करने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि बार-बार कहने के बाद भी कुलदीप ने उसे गेंदबाजी करने से इंकार कर दिया। स्टब्स ने साथ ही कहा कि, मुझे लगता है कि वह इसे रहस्य बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। इसलिए मैं उसका सामना करने के प्रयास में सफल नहीं रहा हूं। अपना पहला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे स्टब्स टी20 विश्व कप के दौरान दक्षिण अफ्रीका की टीमें में शामिल हैं। जब स्टब्स से टी20 विश्व कप की तैयारी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, वह अपने को तैयार करने के लिए कुलदीप का सामना करना चाहते हैं पर कुलदीप तैयार नहीं हो रहे हैं। साथ ही कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले की स्थिति हो देखते हुए ही शायद कुलदीप उन्हें गेंदबाजी नहीं कर रहे।

# ओलंपिक स्वर्ण जीतना रहेगा लक्ष्य : हरमनप्रीत


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए अब काफी कम समय बचा है। ऐसे में अब अभ्यास के लिए हर दिन बेहद महत्वपूर्ण है। इसी कारण अब हमें प्रशिक्षण सत्र के समय का अच्छी प्रकार से इस्तेमाल करना होगा। भारतीय टीम के पास अभी कांस्य पदक है और उसका लक्ष्य इस बार उसके रंग में बदलाव करना रहेगा। हरमनप्रीत ले कहा कि टीम को पिछले माह ऑस्ट्रेलिया दौरे में उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं मिली। भारतीय टीम को इस दौरे में 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम अभी ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे से लौटे हैं। ऐसे में एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक की उल्टी गिनती शुरु हो गयी है। इसी कारण अब टीम जोश से भरी हुई है। उन्होंने कहा, 'स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होने से टीम की एकजुटता लगातार बढ़ी है। वहीं टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने भी तैयारी के लिए एक साप्ताहिक कार्यक्रम तैयार किया है। गौरतल है कि भारतीय टीम ने गत वर्ष एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

वहीं उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि पेरिस खेलों से पहले टीम को अपनी कमजोरियों को ठीक करना होगा। उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से हमें उन चीजों के बारे में पता चला जिनमें हमें सुधार करना है। हम अभ्यास शिविर में लौटने के बाद इसपर ध्यान देंगे। हमारा लक्ष्य यह तय करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते हर मामले को हल कर दें।

उन्होंने कहा, 'हम बचे हुए दिनों में से हर दिन में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे जिससे यह तय हो सके कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने की हमारी इच्छा पूरी हो। गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक में भारत को पूल बी में गत चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ रखा गया है। इसमें भारतीय टीम अपना अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी।



# भारतीय तीरंदाजों को आगामी पेरिस ओलंपिक में अधिक पदक मिलेंगे : किम



नई दिल्ली । तीरंदाजी कोच और मेंटोर किम ह्युंग ताक का मानना है कि मजबूत तकनीकी अभ्यास के कारण भारत को आगामी पेरिस ओलंपिक में लाभ होगा और उसे ज्यादा स्वर्ण पदक मिलेंगे। किम का मानना है कि विश्व कप में स्वर्ण जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों को इसमें मिले अनुभवों का लाभ ओलंपिक में दिखेगा हालांकि अभी तक तीरंदाजी में भारत के लिये एकमात्र ओलंपिक कोटा धीरज बोम्मादेवरा को ही मिला है। किम ने भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में कोचों के सेमिनार में कहा, ''भारतीय रिकर्व टीम ने काफी अच्छा तकनीकी अभ्यास किया है। इससे उन्हें ओलंपिक में अच्छे परिणाम मिलेंगे।'' उन्होंने कहा, '' अभ्यास और तैयारियों में निरंतरता बनाये रखने से ही पेरिस में पदक जीतने की संभावनाएं बढ़ेंगी।'' उन्होंने कहा कि रिकर्व तीरंदाज तुर्की के अंताल्या में 14 से 17 जून तक होने वाले अंतिम क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में टीम कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे। बोम्मादेवरा ने तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव के साथ गत माह चीन में ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को हराकर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। विश्व भर के 30 देशों में 500 से अधिक तीरंदाजों के कोच रहे किम ने कहा कि भारत के सीनियर तीरंदाज युवाओं की सहायता को तैयार रहते हैं जिसका लाभ भी युवाओं को मिल रहा है, इससे टीम बेहतर होती जाती है।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड को दूसरे टी20 मैच में हराया , सीरीज 1-1 से बराबरी पर आई

डबलिन । मोहम्मद रिजवान और फखर जमां की अच्छी बल्लेबाजी से पाकिस्तान ने आयरलैंड को दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में हराकर 3 मैचों की टी20 सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। इस मैच में लक्ष्य का पीछा कतरे हुए पाक टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 13 रन के कुल स्कोर पर अपने दोनों शुरुआती विकेट खो दिये। कप्तान बाबर आजम और युवा ओपनर सैम अयूब भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद रिजवान और फखर ने पारी संभाली। इससे पहले मेजबान आयरलैंड ने 187 रन बनाकर पाक को जीत के लिए 188 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में पाक टीम ने 16.5 ओवर में ही 3 विकेट पर 195 रन बनाए। पाक की आरे से रिजवान ने 46 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन बनाये जबकि फखर जमां ने 40 गेंदों पर 78 रन बनाए जिसमें 6 चौके और 6 छक्के शामिल थे। रिजवान और फखर ने तीसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 140 रन की साझेदारी बनायी। इसके बाद विकेटकीपर आजम खान ने से 10 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाकर पाक को जीत दिलाई। आजम ने अपनी पारी में 4 छक्के और एक चौका लगाया। वहीं इससे लोरकन टकर के अर्धशतक से आयरलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 193 रन बनाए। टकर ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाये।वहीं हैरी टैक्टर 32 रन बनाकर आउट हुए जबकि कुर्तिस कैंफर ने 22 रन बनाये। गेराथ डिलानी 10 गेंदों पर 28 रन बनाकर नाबाद रहे। पाक की ओर से शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए जबकि अब्बास अफरीदी ने 2 विकेट लिए।

# डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन पिता के जुनून के कारण एथलेटिक्स को चुना: ज्योतिका

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य ज्योतिका श्री डांडी बचपन में डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन उन्होंने पिता के सपने को साकार करने के लिए खेलों में करियर बनाने का विकल्प चुना। आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के तनुकु शहर की 23 वर्षीय छात्रा ने अपने गृह नगर के मोंटेसरी स्कूल में पढ़ाई की और दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए।

युवावस्था में बॉडी बिल्डर रहे उनके पिता श्रीनिवास राव ने उन्हें खेलों में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। श्रीनिवास का सपना अपनी बेटी को ओलंपिक में देखने का था जो तीन महीने से भी कम समय में हकीकत में बदलने जा रहा है। ज्योतिका हाल ही में बहामास में आयोजित विश्व रिले में चार गुणा 400 मीटर रिले में ओलंपिक टिकट पक्का करने वाली भारतीय टीम की चौकड़ी का हिस्सा थी।

फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर पहुंची ज्योतिका ने कहा, 'मैंने दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। जब मैं स्कूल में थी तब मैं वास्तव में एक डॉक्टर बनना चाहती थी। मैंने खेल में दिलचस्पी लेने के बाद डॉक्टर बनने के बारे में सोचना छोड़ दिया।' उन्होंने कहा, 'मेरे पिता को लगा कि मुझमें एथलेटिक्स में अच्छा प्रदर्शन करने और ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने की प्रतिभा है। उनके त्याग और मुझे एक सफल एथलीट बनाने के जुनून को देखकर मैंने उनके सपनों को पूरा करने का फैसला किया।'

इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैंने उन्हें यह नहीं बताया कि मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं क्योंकि मैं उन्हें खुश देखना चाहती थी। 2017 तक मुझे खेलों में रुचि नहीं थी लेकिन 2020 के आसपास मैंने रुचि लेना शुरू कर दिया था।'' उनकी मां एक गृहिणी हैं और उनकी एक बड़ी बहन है जिसकी हाल ही में शादी हुई है। ज्योतिका ने कहा, 'मेरे पिता युवावस्था में बॉडीबिल्डर थे, लेकिन परिवार से समर्थन न मिलने के कारण उन्होंने बॉडी बिल्डर बनना छोड़ दिया। अब वह एक व्यवसायी हैं। उन्हें खेलों में बहुत रुचि है और उन्होंने मुझे बहुत प्रेरित किया और वह चाहते हैं कि मैं ओलंपिक में भाग लूं।'

ज्योतिका ने कहा, 'उनकी (पिता) वजह से मुझे ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा। वह हर चीज का ख्याल रखते हैं। इसलिए, अब मैं ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करते देखने का उनका सपना पूरा करना चाहती हूं।' ज्योतिका का 400 मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 52.73 सेकेंड है। यह सब तब शुरू हुआ जब ज्योतिका ने स्कूल मीट में रेस जीती और तभी उनके पिता को अपनी बेटी की प्रतिभा का एहसास हुआ।

ज्योतिका ने कहा, 'मैं वार्षिक स्कूल खेल प्रतियोगिताओं यहां तक कि क्लबों द्वारा आयोजित 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ में शीर्ष स्थान पर रहती थी। जब मैं सातवीं कक्षा (लगभग 12 वर्ष की उम्र) में थी तब मेरे पिता मुझे स्कूल के 'पीईटी' शिक्षक के पास ले गए। मैं अपने घर के पास एक कॉलेज के मिट्टी वाले मैदान पर दौड़ती थी। जब मैं नौवीं कक्षा (2014) में थी तब मैंने जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू कर दिया था।'

ज्योतिका ने 2014 और 2021 के बीच विजयवाड़ा में भारतीय खेल प्राधिकरण के कोच विनायक प्रसाद के देखरेख में अभ्यास किया। इसके बाद उन्होंने हैदराबाद में राष्ट्रीय जूनियर




टीम के वर्तमान मुख्य कोच रमेश नागपुरी के की देखरेख में एक साल तक अभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने 53.05 सेकंड का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसके बाद उन्हें राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाया गया।

उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के बाद मुझे विश्व स्कूल खेलों और एशियाई युवा चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिला जिसके बाद खेलों में मेरी दिलचस्पी बढ़ती गई। ज्योतिका ने कहा कि भारतीय महिला रिले टीम 2028 ओलंपिक में पदक की उम्मीद कर सकती है। उन्होंने कहा, 'वास्तव में मुझे लगता है कि इस बार पदक जीतना कठिन होगा लेकिन अगर हम कड़ी मेहनत करें तो चार साल (2028 ओलंपिक) के बाद हम पोडियम पर खड़े हो सकते हैं।'

# थाईलैंड ओपन : भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सात्विक-चिराग

नई दिल्ली । सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों की सर्विस का सामना करने में थोड़ी मुश्किल हुई थी। सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा। विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय को मौजूदा सत्र में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद लय हासिल करनी होगी। इंडोनेशिया के एंथोनी गिनटिंग के खिलाफ जीत से प्रणय का आत्मविश्वास बढ़ा होगा लेकिन चीन के शी युकी के खिलाफ हार से वह परेशान होंगे क्योंकि उन्हें करीबी मुकाबले जीतने की जरूरत है। किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करूणाकरण भी एकल वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं जबकि लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू पिछले हफ्ते टूर्नामेंट के ड्रॉ की घोषणा से पहले प्रतियोगिता से हट गए। किरण को पहले दौर में चीन के ऑस्ट्रेलिया ओपन विजेता वेंग होंग यैंग से भिड़ना है जबकि सतीश अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। सिंधू की गैरमौजूदगी में महिला एकल में भारत की नजरें अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप पर रहेंगी। अश्मिता को पहले दौर में इंडोनेशिया की ईस्टर नुरुमी त्री वारडोयो से भिड़ना है जबकि मालविका को चीन की शीर्ष वरीय हेन युई के खिलाफ खेलना है। आकर्षी का सामना पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबैमरुंगफान से होगा।

# गर्मियों में बालों को होती है खास देखभाल की जरूरत



**गर्मियों में बहुत ज्यादा पसीना धूप और धूल से बाल खराब होने लगते हैं। जिसके कारण न सिर्फ बालों की ग्रोथ रुक जाती है। बल्कि बाल बहुत ज्यादा टूटने लगते हैं। ऐसे में अगर बालों की खास देखभाल न की जाए तो यह बहुत ज्यादा खराब हो सकते हैं। गर्मियों में आप ऐसे अपने बालों की देखभाल कर सकती हैं।**

अक्सर गर्मियों के मौसम में हमारा पूरा फोकस सिर्फ स्किन केयर की तरफ होता है। किस तरह से स्किन को टैनिंग से बचाना है। सनस्क्रीम लगाकर बाहर निकलना आदि, लेकिन इस के बीच हम अपने बालों का ख्याल रखना भूल जाते हैं। महिलाओं से लेकर पुरुषों तक की खूबसूरती बढ़ाने का काम बाल काम करते हैं। इसलिए जितनी स्किन की केयर करनी चाहिए, उतना ही बालों को भी केयर और देखभाल की जरूरत होती है। गर्मियों में बालों का ख्याल नहीं रखने पर धूप, धूल और पॉल्यूशन के कारण यह डैमेज होकर टूटने लगते हैं। आइए जानते हैं कि गर्मियों में बालों की किस तरह से देखभाल करनी चाहिए।

### बालों की साफ-सफाई

गर्मियों के मौसम में सप्ताह में करीब 2 से 3 बार शैंपू करना चाहिए। क्योंकि गर्मी में पसीना निकलने के कारण पसीना और ऑयल स्कैल्प पर जमा होते रहते हैं। जिसकी वजह से खुजली और इंफेक्शन आदि हो जाता है। इससे बचने के लिए शैपू करें। साथ ही बालों को धोने के लिए गर्म पानी के इस्तेमाल से बचना चाहिए। हालांकि आप गुनगुना पानी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### धूप से सुरक्षा

सूरज की हानिकारक यूवी किरणें न सिर्फ हमारी स्किन के लिए बल्कि यह बालों को भी काफी नुकसान पहुंचाती हैं। सूरज की हानिकारक यूवी किरणों के कारण बाल में ड्रायनेस की समस्या बढ़ सकती है। जिसके कारण बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। इसलिए धूप में निकलने से पहले हमेशा बालों को दुपट्टे या स्टोल से कवर कर लें।

### कंडीशनर

बालों के लिए जितना ही जरूरी शैंपू होता है, उतना ही जरूरी कंडीशनर भी है। कंडीशनर से बालों को पोषण मिलता है। इसके इस्तेमाल से बाल हाइड्रेट रहते हैं और उलझते भी कम हैं। बालों पर बाजार के केमिकल युक्त प्रोडक्ट का इस्तेमाल किए जाने से बचना चाहिए। अगर आप चाहें तो घर की नेचुरल चीजों के इस्तेमाल से कंडीशनर बना सकते हैं। यह आपके बालों के लिए भी फायदेमंद होगा।

### स्टाइलिंग टूल्स

अगर आप भी बालों की स्टाइलिंग के लिए बहुत ज्यादा हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करती हैं। तो आपको बता दें कि यह आपके बालों की क्वालिटी को नुकसान पहुंचा सकता है। हीटिंग टूल्स के यूज से बाल ड्राय होकर बहुत ज्यादा टूटने लगते हैं। ऐसे में अगर भी बालों को घना और मुलायम बनाए रखना चाहती हैं तो हीटिंग टूल्स के अधिक इस्तेमाल से बचना चाहिए।

### ट्रिमिंग भी है जरूरी

बालों की अच्छी ग्रोथ के लिए और दोमुहे बालों को कम करने के लिए समय-समय पर ट्रिम कराना चाहिए। ट्रिमिंग कराने से बालों की प्रॉब्लम से भी काफी हद तक राहत मिलती है।





# अपने बच्चों को इंडिपेंडेंट बनाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**अगर आप अपने बच्चे को इंडिपेंडेंट बनाना चाहते हैं तो हमारे ये टिप्स आपके काम आ सकते हैं जिससे समय के साथ आपका बच्चा अपने काम खुद करना सीख जाता है।**

जैसे ही बच्चा बड़े होने लगते हैं पेरेंट्स उसको अच्छी आदतें सिखाना शुरू कर देते हैं। सच बोलना, गाली न देना, बड़ों की रेस्पेक्ट करना, झगड़ा न करना जैसी आदतें बच्चों को सिखाई जाती हैं। इसी के साथ सभी पेरेंट्स अपने बच्चों को ज़िम्मेदार भी बनाना चाहते हैं जो शायद हर एक बच्चे को कामयाब बनाने के लिए ज़रुरी भी होता है। लेकिन जब पेरेंट्स अपने बच्चों को उनके अपने बेसिक काम करने में मदद कर रहे हैं तो कहीं न कहीं वो अपने बच्चों को डिपेंडेंट बना देते हैं। इससे उम्र के हर पड़ाव पर बच्चों में आश्रित रहने की आदत बन जाती है। जिससे बच्चे जीवन में हर काम को दूसरों की मदद से करते हैं। अगर आप अपने बच्चे को आत्मविश्वास से परिपूर्ण कर उनको भविष्य के लिए तैयार करना चाहते हैं तो ये टिप्स आपके काम आ सकते हैं।

### बेसिक कामों की लिस्ट बनाएं


बच्चों को इंडिपेंडेंट बनाने के लिए आप उनके बेसिक कामों की एक लिस्ट तैयार करें। उनसे पूछें कि वो कौन से काम खुद कर सकते हैं और किन काम के लिए मदद की ज़रूरत है। जो काम वो खुद नहीं कर सकते उसके लिए आप बच्चों को अपने सामने प्रैक्टिस कराएं। आपको जो काम उनकी उम्र अनुसार मुश्किल लगते हैं उनको लिस्ट से बाहर कर दें।

### परफेक्शन की उम्मीद न पाले

जब बच्चे किसी शुरू करते हैं तो ध्यान रखिए कि शुरुआत में उनसे गलतियां भी हो सकती हैं। अगर वो खुद से पानी लेकर पीने की कोशिश कर रहा है और गलती से पानी गिर जाए तो उसको डांटे नहीं। उसको आराम से वह काम करने का तरीका समझाएं। उसको बताएं कि गलतियां तो सभी से हो सकती हैं। काम परफेक्शन से न होने पर बच्चों को काम करने से न रोकें।

### काम निपटाने के लिए उचित समय दें

शुरुआत में बच्चों को कोई भी काम करने में थोड़ा ज़्यादा टाइम लगता है। उनको अपना काम करने के लिए पूरा समय दें। अगर आपके बच्चे को सुबह स्कूल यूनिफॉर्म पहनने में 10 मिनट लगते हैं तो आप इसको देखकर स्ट्रेस न लें। बल्कि आप इसके लिए अपना रूटीन 10 मिनट पहले शुरू कर दें। इस तरह बच्चे को तैयार होने के लिए सफिशिएंट टाइम मिल जाएगा।



### रूटीन फॉलो करना सिखाएं

अपनी ज़िम्मेदारियां निभाने के लिए बच्चों को एक रूटीन की जरूरत होती है। उनका शेड्यूल डेली बदलने से उनको अपने काम के लिए कन्फ्यूजन पैदा हो जाता है। अगर बच्चा सोने से पहले अपने सारे खिलौने अपनी जगह पर रखता है तो उसको यही रूटीन रोज़ाना करने को कहें। बाद में या कल करना यह कहकर उसके रूटीन म बदलाव न करें। जिम्मेदार बनाने के लिए किसी भी काम को डेली एक ही रूटीन में फॉलो करना सिखाएं।



### प्रशंसा करते रहें

बच्चा जब भी अपने काम करना शुरू कराता है तो हो सकता है कि वो उस काम को परफेक्शन न करें या उस काम को कर ही न पाए। लेकिन आप उसके किए गए प्रयास को सराहें। भले ही बच्चा गलती करे लेकिन वो सीखेगा करके ही इस तथ्य को हमेशा ध्यान रखें। मोटिवेशन मिलने से बच्चा लगातार उस काम को करते रहेगा और एक दिन बिना आपकी हेल्प के इंडिपेंडेंटली उस काम को करना सीख जाएगा।



# पेरेंट्स से ज्यादा दोस्तों को पसंद क्यों करते हैं बच्चे

**पेरेंट्स के साथ बच्चों का रिश्ता उम्र के हर पड़ाव पर बदलता रहता है। खासतौर पर जब बच्चा किशोरावस्था में जाता है तो उसे अपने पेरेंट्स की बातें बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगती और दोस्तों के साथ रिश्ता गहरा होता चला जाता है।**

### गेप होता है मुख्य कारण

एक समय के बाद बच्चों को अपनी पेरेंट्स की बातें बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगती है इसका मुख्य कारण है ऐज गेप। पेरेंट्स और बच्चों के विचार एक समय के बाद बहुत ज्यादा अलग हो जाते हैं जिस वजह से बच्चों को पेरेंट्स की बातें बुरी लगने लग जाती हैं।

### कम से कम करें रोक-टोक


पेरेंट्स हमेशा बच्चों का भला चाहते हैं लेकिन बच्चों को एक उम्र के बाद रोक-टोक सुनने की आदत अच्छी नहीं लगती। ऐसे में होता यह है कि पेरेंट्स जब भी बच्चों को किसी काम को करने के लिए मना करते हैं तो बच्चों को लगता है कि वो उनका भला नहीं चाहते हैं।

### अपने विचार ना थोपे

आप अपने बच्चों से क्या चाहते हैं इसके लिए जरूरी है कि आप उन्हे समझाएं। ना कि उनपर अपने विचार थोपें। अगर आप उन्हे किसी भी बाद के लिए टोक रहे हैं या किसी बात को पसंद नहीं कर रहे तो उन्हें समझाएं और उनका बिंदु सभी समझें।

### दोस्त बने

अगर आपके बच्चों को दोस्त ज्यादा पसंद आ रहे हैं तो जरूरी है कि आप भी उनके दोस्त बने। दोस्त बनकर आप उन्हे आसानी से समझ पाएंगे और वो आपको।



# गर्मियों में स्किन की देखभाल के लिए इस तरह बनाएं टोनर

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को अतिरिक्त ठंडक और ताजगी की आवश्यकता होती है और ऐसे में खीरे का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। खीरे से टोनर बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को ब्लेंडर में ब्लेंड कर लें।

स्किन की देखभाल का सबसे पहला नियम होता है कि आप अपनी स्किन और मौसम को ध्यान में रखते हुए स्किन केयर प्रोडक्ट्स का चयन करें। यूं तो मार्केट कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स से अटा पड़ा है, लेकिन अगर स्किन की देखभाल के लिए घर पर ही इन प्रोडक्ट्स को तैयार किया जाए तो इसे सबसे अच्छा माना जाता है। यह ना केवल पॉकेट फ्रेंडली होता है, बल्कि नेचुरल होने के कारण इनसे स्किन को किसी तरह का नुकसान भी नहीं होता है। चूंकि अब गर्मियों का मौसम हैं तो ऐसे में आप स्किन की केयर के लिए घर पर ही टोनर बना सकते हैं। आप कई अलग-अलग इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल करते हुए इसे बनाएं।

### एलोवेरा जेल से बनाएं टोनर

गर्मी के मौसम में एलोवेरा जेल से बेहतर दूसरा कोई स्किन केयर इंग्रीडिएंट नहीं हो सकता है। यह ना केवल आपकी स्किन को ठंडक पहुंचाता है, बल्कि इसकी हीलिंग प्रॉपर्टीज भी आपकी स्किन को बेदाग बनाने में मदद करती है। एलोवेरा जेल से टोनर बनाने के लिए एक बाउल में आधा कप एलोवेरा जेल और आधा कप रोज वाटर डालकर मिक्स करें। जब यह अच्छी तरह ब्लेंड हो जाए तो आप इसे बोतल में डालें और फ्रिज में स्टोर करें।

### ग्रीन टी टोनर

यह स्किन टोनर एजिंग स्किन के लिए काफी अच्छा है। एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होने के कारण ग्रीन टी फ्री रेडिकल्स को बेअसर कर सकती है और स्किन को यंगर बनाती हैं। इसे बनाने के लिए आप सबसे पहले एक कप ग्रीन टी तैयार करें। अब आप इसे ठंडा होने दें। फिर इसमें टी ट्री एसेंशियल ऑयल की पांच से छह बूंदें डालकर मिक्स करें। अब आप इसे एक स्प्रे बोतल में डालें और फ्रिज में स्टोर करें।

### खीरे से बनाएं टोनर

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को अतिरिक्त ठंडक और ताजगी की आवश्यकता होती है और ऐसे में खीरे का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। खीरे से टोनर बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को ब्लेंडर में ब्लेंड कर लें। अब आप ब्लेंड किए हुए खीरे को एक साफ कपड़े से छान लें। खीरे के रस में रुई या रुई डुबोएं और इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। 10 से 15 मिनट के बाद साफ पानी से चेहरा धो लें।



## रुस के बेलगोरोद में इमारत के ढहने से 13 लोगों की हुई मौत



मॉस्को। रूस के बेलगोरोद में एक इमारत के आंशिक रूप से ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है और 20 अन्य लोग घायल हुए हैं। रुसी प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन की ओर से हो रही गोलाबारी घटना के लिए जिम्मेदार है। बचावकर्मी इमारत की क्षतिग्रस्त सीढ़ियों के बीच जीवित लोगों की तलाश करते हुए दिख रहे हैं, लेकिन जैसे ही छत का एक हिस्सा गिरा वे घटनास्थल से चले गए। रूस के आपातकालीन सेवा मंत्रालय ने बताया कि मलबे से अब तक 13 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। देश की शीर्ष कानून प्रवर्तन एजेंसी रूसी जांच समिति ने बताया कि 10 मंजिला इमारत यूक्रेन की ओर से की गई गोलाबारी के कारण ढही। रूसी रक्षा मंत्रालय के पोस्ट में कहा गया कि वायुसेना ने बेलगोरोद क्षेत्र में कई रॉकेट को विफल कर दिया, साथ ही दो ड्रोन भी मार गिराए। इसके साथ ही पूरे बेलगोरोद में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई। बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने बताया कि शहर में आग लगने की घटना भी सामने आई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। मई 2023 से पश्चिमी रूस के शहरों पर लगातार ड्रोन हमले हो रहे हैं, जिसके लिए रूसी अधिकारियों ने कीव को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, यूक्रेनी अधिकारी कभी रूसी क्षेत्र या क्रीमिया प्रायद्वीप पर हमलों की जिम्मेदारी नहीं लेते।

## फ्लाइट में ही सेक्स करने लगा कपल, यात्रियों ने वीडियो बनाया और हंगामा किया

लंदन। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट में एक बेशर्म कपल सभी यात्रियों और बच्चों के सामने ही सेक्स करने लगा। लोगों उसका विरोध किया तो हंगामा शुरु हो गया। कई लोगों इसका वीडियो भी बना लिया। लंदन हीथ्रो से डबलिन के लिए फ्लाइट रवाना हुई थी। इसमें मौजूद एक कपल करीब 20 मिनट तक एक-दूसरे को अश्लील तरीके से छूता रहा। 26 वर्षीय फैरा भी उसी फ्लाइट में थीं। उन्होंने बातचीत में बताया, मैं बोलते समय हर बार अपने भाई की तरफ देख रही थी और तब मैंने दूसरी तरफ की सीटों पर हरकतें देखीं। उन्होंने कहा, एकदम स्पष्ट था। लड़की फ्लाइट में 15 से 20 मिनट तक लड़के साथ अश्लील हरकतें कर रही थी। उन्होंने आगे बताया, वे इन गतिविधियों में लगे रहे, जो कि बहुत हैरान करने वाला था, क्योंकि फ्लाइट में बच्चे भी मौजूद थे। एक बच्चा वहां भाग रहा था, जो ये सब देख सकता था। जब उन्हें सीट बेल्ट लगाने के लिए कहा गया, तो जाहिर तौर पर उसने कपड़े ठीक किए। वो सब बहुत घिनौना था। खबर है कि फैरा ने इस मामले का वीडियो भी बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, उन लोगों ने खुद को स्कार्फ से ढक लिया था, लेकिन सब समझ रहा था कि क्या हो रहा है...। जब मैंने इस बात पर गौर किया, तो हमारी उड़ान 38 मिनट की बची थी। भाई के साथ सीट पर बैठकर इस तरह की चीजों का गवाह बनना वो सब बहुत शर्मिंदा करने वाला था। ब्रिटिश एयरवेज के एक प्रवक्ता ने कहा, हमारे केबिन क्रू को उड़ान के दौरान के दौरान किसी परेशानी के बारे में नहीं बताया गया। अगर उन्हें जानकारी दी गई होती, तो उन लोगों ने इससे निपटने के लिए जरूरी कदम उठाए होते।

## हीरे से बना ग्रह मिला- धरती से दो गुना बड़ा और 9 गुना भारी है सुपर अर्थ

वॉशिंगटन। अंतहीन है अंतरिक्ष की कहावत एक बार फिर सही सावित हो गई है। नासा के वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ग्रह की खोज की है जो हीरे से बना हुआ है। इसकी वजन धरती से 9 गुना ज्यादा और आकार दो गुना है। नासा ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का उपयोग करते हुए एक ऐसा एक्सोप्लैनेट ढूंढा है, जो हीरे से बना हुआ है। इसकी चौड़ाई पृथ्वी से लगभग दोगुनी है और वजन हमारे ग्रह से लगभग नौ गुना अधिक। रिसर्च टीम के सदस्?य और कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रिसर्चर रेन्यू हू ने कहा, हमने इस चट्टानी ग्रह का थर्मल उत्?सर्जन मापा। संकेत मिलते हैं कि इसमें पर्याप्त वातावरण है। यह शायद 55 कैनरी ई के चट्टानी आंतरिक भाग से निकलने वाली गैसों की वजह से है। इसके बारे में जानना काफी रोमांचक है। 55 कैनक्री ई को 2004 में तलाशा गया था। मूल रूप से जैनसेन नाम से जाना जाने वाला यह विश्व का पहला सुपर-अर्थ था जो दूर के मुख्य अनुक्रम तारे की परिक्रमा कर रहा था। यानी एक तारा जो अभी भी अपने मूल में हाइड्रोजन को हीलियम में परिवर्तित कर रहा है। नासा की ओर से शेयर की गई जानकारी के मुताबिक, इस ग्रह को 55 कैनरी ई के नाम से जाना जाता है। यह हमारे सौर मंडल से लगभग 41 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। खगोलविदों का मानना है कि यह ग्रह गर्म लावा से ढंका हुआ है और यह तब हुआ जब इसके तारे ने अपना पहला वातावरण नष्ट कर दिया था। माना जाता है कि यह ग्रह पूरी तरह हीरे से बना हुआ है। वैज्ञानिकों ने इसे सुपर अर्थ के रूप में वर्गीकृत किया है। सुपर अर्थ उन्हें कहते हैं जो धरती से विशाल होते हैं, लेकिन नेप्च्यून और यूरेनस जैसे ग्रहों की तुलना में हल्के होते हैं। यह एक्सोप्लैनेट काफी घना है। इसलिए खगोलविदों का अनुमान है कि यह कार्बन से बना हुआ है, जिसमें हीरे छिपे हुए हैं। यह ग्रह भी सूर्य की तरह एक तारे 55 कैनक्री ए से 2.3 मिलियन किलोमीटर दूर है। यह दूरी धरती और सूर्य के बीच की दूरी का 0.01544 गुना है. यह लगभग 17 घंटों में अपने तारे की परिक्रमा कर लेता है। इसकी गर्म सतह का तापमान लगभग 2,400 डिग्री सेल्सियस है। नए शोध से संकेत मिलता है कि इस ग्रह के चारों ओर गैसों की एक मोटी परत है। यानी इसने दूसरा वातावरण विकसित कर लिया है। हालांकि, वैज्ञानिक यह नहीं जान पाए कि ये कैसे हुआ?

## अगली महामारी एक मानसिक स्वास्थ्य संकट होगी, डब्ल्यूएचओ के बड़े अधिकारी ने दी चेतावनी

जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक शीर्ष अधिकारी का दावा है कि कोरोना वायरस के बाद अगली महामारी नजदीक है। लेकिन उन्होंने इसकी वजह किसी वायरस या रोग को नहीं बताया। यह भी दावा किया है कि हालात पहले ही बेकाबू हो चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के यूरोप के क्षेत्रीय निदेशक हंस क्लूज ने इस सप्ताह की शुरुआत में बयान दिया था, लेकिन यह कोई वायरस या बीमारी नहीं है जो इसका कारण बनेगी।




उन्होंने दावा किया कि अगली महामारी एक मानसिक स्वास्थ्य संकट होगी, और इसे पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया कि दुनिया 'स्थायी-संकट' की स्थिति में है। उन्होंने बताया कि कई युद्ध, पिछली महामारी और प्रत्येक देश के अपने आंतरिक मुद्दे, और निश्चित रूप से, जलवायु परिवर्तन, सभी एक मानसिक स्वास्थ्य महामारी का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, फ्रयूरोपीय संघ के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि यूरोपीय संघ में छह में से एक व्यक्ति को कुछ परेशानी, चिंता और नींद की समस्या है। युवा वर्ग जलवायु को लेकर चिंतित है। वे जानते हैं कि दुनिया हर जगह गर्म हो रही है। रूस और यूक्रेन तथा इजराइल और गाजा के बीच युद्ध चल रहे हैं।' लोग उसमें व्यस्त हैं। हम उस स्थिति में रह रहे हैं जिसे मैं स्थायी-संकट' कहता हूं। एक संकट स्थायी है और लोगों के लिए, यह मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं (जिन्हें) मैं अगली महामारी कहता हूं। हम आबादी के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे दावा किया कि दुनिया को तत्काल 'शांति' की आवश्यकता है और यह ''सबसे महत्वपूर्ण दवा' है।



दक्षिण कोरिया में बौद्ध धर्म के लोग कमल के आकार वाली लालटेन लेकर भगवान बुद्ध के जन्मदिन से पहले एक समारोह में भाग लेते हुए।

## यूक्रेन से युद्ध के बीच पुतिन ने अपने रक्षा मंत्री को हटाया

मॉस्को। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु को हटा दिया है। उन्होंने आंद्रेई बेलेसाउ को नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। बेलेसाउ रूस के उपप्रधानमंत्री रह चुके हैं। बताया गया कि पुतिन ने शर्गेई शोइगु को रक्षा मंत्री पद से इसलिए मुक्त किया क्योंकि वह उन्हें शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का सचिव नियुक्त करना चाहते हैं। फिलहाल निकोलाई पात्रुशेव इस पद को संभाल रहे हैं। युद्ध के बीच रक्षा उद्योग की समस्याओं को संभालने के लिए पुतिन को सर्गेई शोइगु पर ज्यादा विश्वास है। वह पुतिन के पुराने करीबी माने जाते हैं। बता दें कि शोइगु को जो नई भूमिका दी गई है वह रक्षा मंत्री से भी पद में बड़ी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने बताया कि 1980 में सोविय यूनियन का जो हाल हुआ था उसे देखते हुए ये परिवर्तन सही हैं। उस समस सेना और अन्य सुरक्षाबलों पर देश का 7.4 पर्सेंट खर्च होता था। ऐसे में पुतिन चाहते हैं कि कोई आर्थिक समझ रखने वाला व्यक्ति रक्षा मंत्रालय का पदभार संभाले और ज्यादा खर्च को कम करने में मदद करे। पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुन- देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है।



## भारत-ईरान के बीच साइन हुआ चाबहार पोर्ट समझौता, साउथ एशिया से सेंट्रल एशिया के बीच खुल गया ट्रेड का नया रुट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ईरान ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को एक दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। भारत और ईरान के बीच चाबहार के शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह के सामान्य कार्गो और कंटेनर टर्मिनलों के उपकरण और संचालन के लिए अनुबंध के हस्ताक्षर समारोह में ईरान के सड़क और शहरी विकास मंत्री सोनोवाल और मेहरदाद बजरपाश उपस्थित रहे। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 23 मई, 2016 को शुरू हुआ महत्वपूर्ण समझौता आज एक दीर्घकालिक अनुबंध में परिणत हो रहा है, जो भारत और भारत के बीच स्थायी विश्वास और निर्भर साझेदारी का प्रतीक है। आज हमने शाहिद-बेहिश्ती पोर्ट टर्मिनल के संचालन के लिए दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर होते देखा।

आईपीजीएल बंदरगाह को सुसज्जित करने में लगभग 120 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश करेगा। भारत ने चाबहार से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से पहचानी गई परियोजनाओं के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर आईएन क्रेडिट विंडो की भी पेशकश की है। चाबहार बंदरगाह एक भारत-ईरान फ्लैगशिप परियोजना है जो अफगानिस्तान और मध्य एशियाई



देशों के साथ व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण पारगमन बंदरगाह के रूप में कार्य करती है, जो भूमि से घिरे हुए देश हैं। चाबहार बंदरगाह के विकास और संचालन में भारत एक प्रमुख खिलाड़ी रहा है।

भारत क्षेत्रीय व्यापार खासकर अफगानिस्तान से संपर्क बढ़ाने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है। यह बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) परियोजना के एक प्रमुख केंद्र के तौर पर पेश किया गया है। आईएनएसटीसी परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ईरान के साथ संपर्क परियोजनाओं पर भारत की अहमियत को रेखांकित करते हुए 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए थे।

## पीओके में सरकार के खिलाफ मोर्चा... क्या 2024 में 1971 जैसा इतिहास दोहराया जाएगा

### -लोगों ने पुलिसवालों को पीटा, कपड़े उतार दिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तानी हुकूमत ने पोओके पर कब्जा करके रखा है। लेकिन वहां के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। अब पाकिस्तान के इसी सौतेले व्यवहार के कारण पीओके पाकिस्तान के हाथ से जा सकता है। इसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या पाकिस्तान के साथ 2024 में 1971 जैसा इतिहास दोहराया जाएगा। दरअसल, पीओके से जैसी तस्वीरें सामने आ रही है उससे कयास लगाए जा रहे हैं कि 53 साल पहले की कुछ यादों को ताजा कर रहे हैं। 1971 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में पूरी सेना को सरेंडर करना पड़ा था। तब पाकिस्तान से टूटकर बांग्लादेश बना था।

अब पीओके में शहबाज की पुलिस को कपड़े उतारने पड़े हैं। वहां की जनता ने विद्रोह कर दिया है। पाकिस्तानी सरकार के अत्याचार के खिलाफ पाकिस्तान की जनता सड़कों पर उतर आई है। वहां अब शाहबाज सरकार की पुलिस को अपनी जान बचाने के लिए सड़कों पर भागना पड़ रहा है। लोग पुलिसवालों की पिटाई कर रहे हैं। उनके कपड़े भी उतरवा रहे हैं। पीओके में बगावत से पूरे पाकिस्तान में टेंशन है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को आपात बैठक बुलानी पड़ी। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भी पीओके के हालात पर चिंता जाहिर की है। पाकिस्तानी जनरल आसिम मुनीर ने पीओके में सेना ही भेज दी है।

पीओके की जनता पुलिस को भगा ही चुकी है। सेना के साथ भी ऐसा कुछ नजारा देखने को मिल सकता है। ऐसा लग रहा है मानो बरसों का अत्याचार सहने वाली पीओके की जनता अब अंतिम लड़ाई के मूड में आ गई है। पाकिस्तानी हुकूमत पीओके के साथ जैसा दोयम दर्जे का व्यवहार करती आई है, अब पीओके उस बर्दास्त नहीं करने वाला।

## पृथ्वी से भयंकर सौर तूफान टकराने की आशंका

### -पूरी दुनिया में छाएगा अंधेरा, एयरलाइंस के लिए चेतावनी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** चालू सप्ताह के अंत में पृथ्वी से एक भयंकर सौर तूफान के टकराने की आशंका जताई जा रही है। यह जनवरी 2005 के बाद से अपनी तरह का पहला तूफान है, जो दुनिया भर में ब्लैकआउट, नेविगेशन सिस्टम में व्यवधान और हाई फ्रीक्वेंसी का रेडियो वेव के टकराने का खतरा पैदा करेगा।

अमेरिकी अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने इसके लिए गंभीर (जी4) जियोमैग्नेटिक स्टॉर्म वॉच जारी किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के बीच ट्रांस-पोलर क्षेत्र में उड़ान भरने वाली सभी उड़ानों को फिर से री-रूट किया जाएगा ताकि यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को विकिरण जोखिम से बचाया जा सके। स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर ने बाताया कि इस प्रकार की घटना बेहद दुर्लभ होती हैं। सूर्य के वायुमंडल से पांच विस्फोट की भविष्यवाणी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, तूफान की असली ताकत पृथ्वी से टकराने से लगभग 60 से 90 मिनट पहले पता चलेगी क्योंकि सैटेलाइट निकलने वाली ऊर्जा के विस्फोट को मापते हैं। कोरोनल मास इजेक्शन, या सीएमई, सूर्य की सतह पर होने वाली विस्फोटक घटनाएं हैं। इनमें सूर्य के कोरोना से प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र का विस्फोट होता है। जब ये कोरोनल मास इजेक्शन पृथ्वी की ओर निर्देशित होते हैं, तो वे भू-चुंबकीय तूफान उत्पन्न कर सकते हैं।

धरती पर इंसानों को पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से सुरक्षा मिल जाता है। लेकिन, बिजली के ग्रिडों को खतरा रहता है, पाइपलाइनें करंट से चार्ज हो सकती हैं, और अंतरिक्ष यान अपने रास्ते से भटक सकते है। पिछली बार अक्टूबर 2003 में पृथ्वी पर जी5 तूफ़ान आया था- जो पैमाने पर सबसे भयानक था। इसके परिणामस्वरूप स्वीडन में बिजली गुल हो गई और दक्षिण अफ़्रीका में ट्रांसफार्मरों को नुकसान पहुंचा था। इस तरह के तूफान पृथ्वी की कक्षा और ग्रह की सतह दोनों पर विभिन्न प्रणालियों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इससे संचार, विद्युत पावर ग्रिड, नेविगेशन, रेडियो और उपग्रह संचालन में व्यवधान की संभावना रहती है।

## डूबते मालदीव को भारत का सहारा, चीन प्रेम के बावजूद दिए 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर

**कुवैत (एजेंसी)।** भारत सरकार ने सद्भावना दिखाते हुए मालदीव के विदेश मंत्री मूसा ज़मीर के अनुरोध पर एक अतिरिक्त वर्ष के लिए 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के रूप में मालदीव सरकार को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता प्रदान की। भारतीय उच्चायोग ने घोषणा की कि भारतीय स्टेट बैंक ने एक और वर्ष के लिए 50 मिलियन का ट्रेजरी बिल प्रदान करने का निर्णय लिया है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा, भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को पिछली सदस्यता की परिपक्वता पर एक और वर्ष के लिए सदस्यता दी है। चीन समर्थक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जूके छह महीने पहले पदभार संभालने के बाद से भारत-मालदीव संबंधों में तनाव के बावजूद ऐसा हुआ। ये सरकारी ट्रेजरी बिल एसबीआई द्वारा मालदीव सरकार को शून्य लागत (ब्याज मुक्त) पर एक अद्वितीय सरकार-से-सरकार व्यवस्था के तहत सदस्यता दी जाती है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार से बजटीय समर्थन हासिल करने के लिए मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर सदस्यता जारी रखी गई है।

### मालदीव के विदेश मंत्री ने भारत को धन्यवाद दिया

ज़मीर ने बजट समर्थन बढ़ाने के लिए भारत को धन्यवाद दिया और इसे सद्भावना का सच्चा संकेत बताया जो दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती का प्रतीक है। उन्होंने एक्स पर कहा कि मैं 50 मिलियन अमरीकी डालर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के साथ मालदीव को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता देने के लिए ईएएम जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। यह सद्भावना का एक सच्चा संकेत है जो मालदीव और भारत के बीच दीर्घकालिक दोस्ती का प्रतीक है। मालदीव सरकार उस उदार समर्थन की अत्यधिक सराहना करती है जो भारत सरकार मालदीव को बजटीय सहायता के रूप में प्रदान कर रही है। सरकार की सहायता से बड़ी संख्या में बुनियादी ढांचागत विकास परियोजनाएं और उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाएं चल रही हैं।



### भारत-मालदीव संबंधों में तनाव

नवंबर में राष्ट्रपति मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट आई है और उन्होंने तुरंत भारत से 10 मई तक अपने सैन्य कर्मियों को देश से वापस लेने के लिए कहा है। भारतीय सैन्य कर्मी द्वीप राष्ट्र में तीन विमानन प्लेटफार्मों का संचालन कर रहे थे।

## अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ ने मचाई तबाही, 300 लोग मारे गए, अब महामारी का खतरा

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में हाल ही में अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। यहां तीन सौल लोगों की मौत हो गई जबकि सैकड़ों घर मलबे का ढेर बन गए। राहत एवं बचाव कार्य जारी है लेकिन महामारी का संकट होने की आशंका जताई जा रही है। भारी बारिश के बाद गांवों और कृषि भूमि में नदियों का पानी आने के बाद आपातकाल की स्तिथि की घोषणा की गई। अफगानिस्तान से आए फुटेज में देखा जा सकता है कि सड़कों पर पानी की तेज धार है। बच्चे रो रहे हैं और लोगों का एक समूह बाढ़ से अपने घरों को तबाह होता हुआ देख रहा है। हवाई तस्वीरों में दिख रहा है कि कच्चे मकान पानी में डूब गए हैं। सिर्फ उनकी छतें दिख रही हैं। पड़ोसी तखर प्रांत में, सरकारी स्वामित्व वाले मीडिया संस्थानों ने बाढ़ से कम से कम 20 लोगों की मौत होने की खबर दी है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, इस विनाशकारी बाढ़ में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है और काफी संख्या में लोग घायल हुए हैं।

मुजाहिद ने बदख्शां, बगलान, घोर और हेरात प्रांतों को सबसे ज्यादा प्रभावित बताया। उन्होंने कहा कि व्यापक तबाही के परिणामस्वरूप काफी वित्तीय नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों को बचाने, घायलों को उपचार के लिए ले जाने और शवों को निकालने के लिए सभी उपलब्ध संसाधन जुटाने का आदेश दिया है। तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि देश की वायुसेना ने पहले ही बगलान में लोगों को निकालना शुरू कर दिया है और बड़ी संख्या में बाढ़ प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को बचाया है और 100 घायलों को क्षेत्र के सैन्य अस्पतालों में पहुंचाया है। अफगानिस्तान में कृषि भूमि तबाह हुई है। इसी तरह की तबाही ब्राजील में भी देखने को मिली है, जहां भारी बारिश से ग्रांडे डो सुल में ऐतिहासिक बाढ़ देखने को मिली। इससे मरने वालों की संख्या 126 हो गई। ब्राजील के सबसे दक्षिणी राज्य में तूफान और बाढ़ की मार पड़ी है, जिससे 34,000 लोग विस्थापित हो गए। 141 लोग लापता हैं। ब्राजील से आई तस्वीरों में देखा गया विनाशकारी बाढ़ के कारण फुटबॉल स्टेडियम और एयरपोर्ट डूब गए। दुबई में भी पिछले महीने आई बाढ़ से 1 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। वहीं संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने शनिवार को कहा कि 1,000 से अधिक घर नष्ट हो गए। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि वह पिछले कुछ हफ्तों में अफगानिस्तान में आई बाढ़



पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरित कर रहा है। ज्यादातर पीड़ित उत्तरी प्रांत बगलान में हैं, जहां शुक्रवार को बाढ़ आई है।

## जवान पर पिटबुल डॉग ने किया अटैक, पुलिस ने मामला दर्ज किया

मेरठ । उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में प्रांतीय रक्षा दल में कार्यरत 45 साल के जवान पर कुत्ते के हमले का मामला सामने आया है। वे अपने घर के पास टहल रहे थे, जब पड़ोसी को बचाने के चक्कर में पिटबुल डॉग ने अटैक किया। इस घटना में उनका प्राइवेट पार्ट घायल हो गया है। पुलिस ने मामले में डॉग मालिक पर केस दर्ज किया है। यह मामला बागपत के बड़ौत का है। यहां कांशीराम कॉलोनी के पास सुभाष सिंह के साथ यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया, मैंने देखा कि एक डॉग मेरे पड़ोसी को दौड़ा रहा है। मैंने जब मदद करने की कोशिश की तब वह कुत्ता मुझ पर ही झपट पड़ा। कुत्ते ने मेरे प्राइवेट पार्ट और जंघे पर हमला कर दिया। वह बहुत ज्यादा हिंसक था। जवान को घायल करने के बाद जब लोगों ने हल्ला शुरू किया तब डॉगी भाग निकला। उन्हें गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कराया गया। उनका इलाज चल रहा है और स्थिति खतरे से बाहर है। इस मामले में डॉग के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने डॉग मालिक दीपक कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## बद्रीनाथ धाम दर्शन करने जा रहे श्रद्धालु की मौत, अव्यस्थाओं को लेकर लोगों में नाराजगी

देहरादून । उत्तराखंड के चारों धाम की यात्रा शुरू हो गई है। 10 मई से शुरू हुई यात्रा में अब तक डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। भारी भीड़ इन दिनों चारों धामों पर देखने को मिल रहा है। हालांकि एक श्रद्धालु की मौत हो गई। बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने जा रहे एक शख्स की मौत हो गई है। वहीं अव्यवस्थाओं को लेकर तीर्थ पुरोहितों ने बद्रीनाथ धाम में विरोध प्रदर्शन किया। पुरोहितों के बीच बद्रीनाथ धाम में हो रही अव्यस्थाओं को लेकर नाराजगी है। वीआईपी दर्शनों को लेकर लोगों में मंदिर प्रशासन के खिलाफ भी नाराजगी की बात सामने आई है। वीआईपी गेट पर लोगों ने मंदिर समिति और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में स्थानीय लोग, व्यापार सभा और पंडा समाज के लोग शामिल हुए। मास्टर प्लान के कार्यों के कारण अव्यवस्थाओं से नाराज लोगों का विरोध जारी है। बद्रीनाथ धाम में विरोध प्रदर्शन होने के बाद तीर्थ यात्रियों को परेशानी हो रही है। वहीं बद्रीनाथ धाम में पुरोहितों से वार्ता करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी पहुंच चुके हैं। एसडीएम चंद्रशेखर वशिष्ठ प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत कर रहे हैं। बता दें कि 10 मई से शुरू हुई यात्रा में अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। बद्रीनाथ में पहले दिन 22 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। वहीं यमनोत्री में तीन दिन में 30 हजार श्रद्धालु पहुंचे। जबकि गंगोत्री में तीन दिन में 29 हजार और केदारनाथ में अब तक 75 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। चारधाम यात्रा की देखरेख के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 3 आईएएस अफसरों को तैनात किया है। आर राजेश कुमार को रुद्रप्रयाग, एसएन पांडेय को चमोली और रंजीत सिन्हा को उत्तरकाशी जिले की जिम्मेदारी दी गई है।

## दिल्ली के बाद जयपुर के स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर । जयपुर के करीब चार स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के द्वारा मिली। पुलिस के दस्ते इन स्कूलों में पहुंचकर जांच कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार स्कूलों के छात्रों और स्टाफ सदस्यों को बाहर निकाल लिया गया है और बम रोधी और श्वान दस्तों के साथ पुलिस दल स्कूलों में पहुंच गए हैं। जयपुर के पुलिस आयुक्त ने कहा, चार-पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस इन स्कूलों में पहुंच गई है। रिपोर्ट के मुताबिक सबसे पहले धमकी भरा ई-मेल मोती डंगरी स्थित एमपीएस स्कूल को मिला। वहीं प्रिंसिपल द्वारा सूचना के बाद बम निरोधर दस्ता और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस मेल करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने बताया कि सभी स्कूलों में पुलिस की टीमों को भेजा गया है। हर जगह जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि एमपीएस स्कूल को सबसे पहले सोमवार सुबह 6 बजे मेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद बगरू स्थित एमपीएस, माणक चौक, विद्याधर नगर, वैशाली नगर, निवारू रोड स्थित स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

## कोचिंग सिटी कोटा से बिहार का छात्र हुआ लापता

कोटा । राजस्थान के कोटा शहर से छात्रा के लापता होने और सुसाइड के कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बूंदी रोड के एग्जॉटिका गार्डन के पीछे कैनाल रोड स्वर्ण विहार में पीजी में रहकर नीट यूजी की तैयारी की कोचिंग कर रहा एक छात्र लापता हुआ है। पुलिस ने बताया लापता छात्र की शिनाख्त 19 साल के अमन कुमार सिंह के रूप में हुई। यह बिहार का रहने वाला है। दो साल से कोटा में रहकर मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम व नीट यूजी की तैयारी कर रहा था। कमरे से बरामद नोट में छात्र ने पेपर अच्छा नहीं जाने की भी बात लिखी है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 2 से 2-30 बजे के बीच छात्र कमरे से गायब हो गया। छात्र की तलाश की जा रही है। उसके परिजनों को सूचना दे दी है। नीट यूजी की तैयारी करने के लिए गंगापुर जिले के बामनवास से कोटा आए 19 साल का छात्र राजेंद्र मीणा 6 मई से लापता है। उसने अपने परिजनों को मोबाइल पर संदेश भी किया था, जिसमें छात्र ने लिखा, वे घर छोड़कर जा रहा है। आगे की पढ़ाई नहीं करनी है। वहां अगले 5 साल के लिए घर से जा रहा है।

## मौलाना की घिनौनी करतूत से परेशान नाबालिग बच्चों ने ही कर दी थी उसकी हत्या, गले में रस्सी डालकर गला घोंटा

अजमेर । राजस्थान के अजमेर हुई एक घटना ने देश को हिलाकर रख दिया है। मदरसे में कत्ल के बाद मौलाना की घिनौनी करतूत का खुलासा हुआ है। 32 साल के मौलाना मोहम्मद माहिर की पिछले महीने 27 अप्रैल की गला घोंटकर हत्या की गई थी। अब खुलासे के बाद पुलिस ने मदरसे के छह नाबालिग बच्चों को हिरासत में लिया है। इन बच्चों ने कबूल किया है कि मौलवी की हत्या उन्होंने ही की थी। दरअसल बच्चे मौलाना के यौन शोषण से तंग आ चुके थे। दरअसल बच्चों का दावा था कि मास्क लगाए तीन लोगों ने माहिर की हत्या कर उन्हें चुप रहने की धमकी दी थी। अजमेर पुलिस की स्पेशल टीम के लिए एक चुनौती बन चुकी थी क्योंकि जांच में कुछ भी सामने नहीं आ रहा था। सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा चुकी थी। यूपी निवासी माहिर की पृष्ठभूमि की जांच भी कर ली गई थी और कुछ भी सुराग नहीं मिल रहा था। बच्चे भी पूरे विश्वास के साथ अपनी बात पर टिके हुए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मदरसे के बच्चों के मुताबिक माहिर एक छात्र का यौन शोषण करता था। बच्चे ने जब सबकुछ उजागर कर देने की धमकी दी तब माहिर ने बच्चे को पैसों का लालच देकर चुप कर दिया। लेकिन वह शोषण करता ही रहा। इसके बाद इन बच्चों ने माहिर को सजा देने का प्लान तैयार किया। उन्होंने बेहोशी की हालत में माहिर की हत्या कर दी। छह बच्चों ने मिलकर रस्सी से उसका गला घोंट दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्चे मौलाना के यौन शोषण से दुखी थे और सजा देना चाहते थे। हत्या से दो दिन पहले माहिर यूपी के अपने गांव से वापस आया था। 26 अप्रैल को बच्चे दवा की दुकान से नींद की गोलियां खरीदकर लाए। वे माहिर के खाने में नींद की दवा मिलाना चाहते थे। लेकिन उस रात मौलाना ने बाहर खाना खाया। रात को जब वह मदरसे में वापस लौटे तब बच्चों ने उन्हें दही खाने को दी। इसमें उन्होंने पहले ही नींद की गोलियां मिला दीं थीं। कुछ देर बाद मौलाना जब गहरी नींद में सो गए तब बच्चे स्टोर रूम से रस्सी और डंडे लाए। फिर उन्होंने गले में रस्सी डालकर गला घोंट दिया और डंडे से कई वार किए। माहिर की धड़कन बंद होने के बाद बच्चे कमरे से बाहर चले गए।

## महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़, तीन नक्सली मारे गए

मुंबई । पुलिस के मुताबिक, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत तीन माओवादी मारे गए। पुलिस अधीक्षक, नीलोत्पल ने कहा कि एक खुफिया सूचना मिली थी कि माओवादियों के पेरीमिली दलम के सदस्य अपने चल रहे सामरिक जवाबी आक्रामक अभियान के दौरान विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के इरादे से भामरागड तालुका के कतरनगट्टा गांव के पास एक जंगल में डेरा डाले हुए थे। खुफिया जानकारी के जवाब में गढ़चिरौली पुलिस की एक विशेष लड़ाकू शाखा सी-60 कमांडो की दो इकाइयों को तुरंत क्षेत्र की तलाशी के लिए भेजा गया।

## उद्धव ठाकरे ने मोदी सरकार को बताया गजनी और विश्वासघाती, कहा- कभी भी बीजेपी के साथ नहीं करेंगे गठबंधन



**ग्वालियर (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने घोषणा की है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ कभी गठबंधन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वे ÷विश्वासघाती÷ हैं और लोकसभा चुनाव हार रहे हैं। ठाकरे का यह बयान पीएम मोदी द्वारा शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) को कांग्रेस के साथ विलय करके मरने के बजाय अजीत पवार और एकनाथ शिंदे से हाथ मिलाने की सलाह देने के कुछ दिनों बाद आया है। पार्टी के मुखपत्र सामना के साथ एक साक्षात्कार में, ठाकरे ने कहा पीएम मोदी और (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) शाह महाराष्ट्र के प्रति द्वेष रखते हैं, यही कारण है कि उन्होंने संस्थानों और निवेश परियोजनाओं को अन्य राज्यों में स्थानांतरित कर दिया है।

हालाँकि, इन लोकसभा चुनावों के बाद मोदी का तानाशाही शासन समाप्त हो जाएगा, और यह मेरी गारंटी है। भारत गठबंधन केंद्र में सरकार बनाएगा और उसके बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि महाराष्ट्र अपना पुराना गौरव हासिल कर ले। ठाकरे ने यह भी दावा किया कि इस साल के अंत में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सत्ता में आएगी। फिर हम बीएमसी (बृहन्मुंबई नगर निगम) में घोटाले और बीएमसी की सावधि जमा को तोड़कर धन के दुरुपयोग सहित भ्रष्टाचार के मामलों की जांच का आदेश देंगे। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने यह भी कहा कि मोदी के सत्ता में आने में महाराष्ट्र की बड़ी भूमिका थी क्योंकि राज्य से 40 से अधिक सांसद चुने गए थे।

उन्होंने मोदी सरकार को 'गजनी' सरकार करार देते हुए कहा कि 2014 में जो वादा किया गया था वह 2019 में भूल गए और 2019 में जो वादा किया गया था वह अब भूल गए है। जनता को दो बार मूर्ख बनाया जा चुका है। कोई कुछ लोगों को कुछ समय के लिए मूर्ख बना सकता है, लेकिन सभी लोगों को हर समय नहीं।' उन्होंने कहा कि लोगों ने सरकार के बड़े-बड़े दावों को समझना शुरू कर दिया है।

## इंडिया ब्लॉक की जीत के पक्ष में माहौल बनने का महत्वपूर्ण चरण : खड़गे

नई दिल्ली । सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान जारी है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह इंडिया ब्लॉक की जीत के पक्ष में माहौल बनाने के लिए महत्वपूर्ण चरण है। खड़गे ने कहा, यह माहौल को पूरी तरह न्याय के पक्ष में मोड़ने और इंडिया गठबंधन को जिताने का महत्वपूर्ण चरण है। समाज को बांटने वाले नफरत भरे भाषण ध्यान भटका रहे हैं, इससे डरें नहीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप लोकतंत्र और हमारे अस्तित्व का



आधार भारत के संविधान की रक्षा में हमारे सामूहिक उद्देश्य पर फोकस करें। लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों में, आपने लोकतंत्र के लिए मतदान कर संविधान को निरंकुश ताकतों से बचाने का प्रयास किया। खड़गे ने कहा, हमारे प्यारे भारत में स्वतंत्रता, न्याय, समानता और भाईचारे की भावना को फिर से जगाने की हमारी लड़ाई में ये सर्वोपरि हैं। मैं पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं का हार्दिक स्वागत करता हूं जो बदलाव चाहते हैं। मतदान अवश्य करें और अपने परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों को बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ओबीसी को सरकार और पार्टी में उचित स्थान दिया: चौधरी जयंत सिंह

**– चौधरी जयंत सिंह दिल्ली के नंद नगरी में ओबीसी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनडीए गठबंधन के घटक दल व राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि ओबीसी समाज अन्न उगाने से लेकर देश की सीमाओं की रक्षा तक में अनूठा योगदान देता है। उसी का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार एवं अपनी पार्टी संगठन में इसे उचित स्थान दिया है। इसी का परिणाम है कि आज ओबीसी समाज पूरी तरह एनडीए गठबंधन के पीछे खड़ा है। चौधरी जयंत सिंह दिल्ली के नंद नगरी में ओबीसी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। दिल्ली में भाजपा का लोकसभा चुनाव प्रचार रविवार को अपने चर्म पर पहुंचा और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ गठबंधन सहयोगी चौधरी जयंत सिंह भी लोगों के बीच पहुंचे। प्रचार के सुपर संडे पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्?वा शर्मा, केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के. सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, दिल्ली लोकसभा चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़, रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने चुनावी प्रचार में स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ भाग लिया। दिल्ली में देर शाम आयोजित एक कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा आदि नेताओं ने दिल्ली में बसे पूर्वोत्तर राज्यों एवं बंगाल के प्रवासियों से जनसंवाद कर भाजपा को वोट देने की अपील की। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में अनुसूचित जाति सम्मेलन को संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आज बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के समरसता के संदेश पर आधारित सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय के सिद्धांत की सरकार चला रहे हैं, जिसमें हर पिछड़े, हर गरीब को तरक्की का मौका मिल रहा है। उन्?होंने कहा, हमें सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय एवं सबके विकास की सरकार को फिर से चुनकर नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाना है। दिल्ली भाजपा के लोकसभा प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ ने रोहिणी में जाट महासभा सम्मेलन को और नजफगढ़ में किसान मजदूर सम्मेलन को संबोधित किया। वहीं, भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कहा कि कश्मीर से कन्या कुमारी तक आज का युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समग्र प्रगति एवं अपनी आकंक्षाओं की पूर्ति के माध्यम में देखता है और उनके साथ दृढता से खड़ा है। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन ने दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के महरौली में महिला सम्मेलन को संबोधित किया। वनाथी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दृढ इच्छा शक्ति का परिणाम है कि अब भारत की हर नारी देश के विकास में, देश की सैन्य रक्षा में, प्रशासनिक, न्यायिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य सेवाओं में अपना योगदान दे रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2024 लाकर प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की हर नारी को अपनी कल्पना का भारत बनाने के लिए पंख दिए हैं। राजस्थान सरकार में मंत्री राजवर्धन सिंह राठौर ने कहा कि युवा रोजगार स्?वालंमबन प्रधानमंत्री सरकार का लक्ष्य है और यही आज के युवा को भाजपा से जोड़ता है।

## जो विकास नीतीश कुमार ने 17 वर्षो में नहीं किया, वह मैंने 17 माह में किया : तेजस्वी

**–पीएम मोदी पर तंज...तुम बड़े चालाक हो, वादा करके भूल जाते हो**



**सीतामढ़ी (एजेंसी)।** पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने फिर सीएम नीतीश कुमार को पलटू चाचा कह दिया है। तेजस्वी ने कहा कि सूबे में जो विकास नीतीश 17 वर्षो में नहीं कर सके, वहां विकास उन्होंने 17 महीने में पांच लाख नौकरी देकर किया है। तेजस्वी ने कहा, कि मोदी सरकार जुमलेबाजी करती है और हिंदू-मुस्लिम कर वोट की राजनीति करती है। वे (डिप्टी सीएम) लोगों को कलम देते हैं और वे तलवार देते हैं।

पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा, मोदी सरकार में मुद्दे की बात नहीं की गई। सिर्फ लोगों को ठगने का काम हुआ है। 15-15 लाख रुपये देने और नौजवानों को नौकरी देने का वादा किया, लेकिन कोई वादा नहीं पूरा किया। वे (पीएम) रोड शो करें या एयर शो करें, वहां (तेजस्वी) नौकरी शो कर रहे है। उन्होंने 1 करोड़ युवाओं को रोजगार और रक्षाबंधन पर बहनों को एक लाख रुपये देने का वादा किया। उन्होंने पीएम मोदी पर कटाक्ष कर गाना गया.......तुम तो बड़े चालाक हो, वादा करके भूल जाते हो।

उन्होंने कहा कि सभी समाज के लोगों को टिकट दिया है, जबकि भाजपा ने सीतामढ़ी और शिवहर सीट से जीते हुए बनिया समाज का टिकट काटने का काम किया है। इसका जबाव सीतामढ़ी/शिवहर की जनता देगी। उन्होंने लोगों से प्रत्याशी अर्जुन राय के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं, पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि सीएम नीतीश एवं पीएम नरेंद्र मोदी नहीं चाहते कि एक मल्लाह का बेटा मंत्री बने और इसीलिए जब बिहार में उनके चार विधायक थे, तब विधायकों को खरीदने का काम किया गया। मोदी जी के समय में लोकतंत्र खतरे में है।

## महालक्ष्मी योजना गरीब महिलाओं के लिए वरदान साबित होगी : सोनिया गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि देश की महिलाएं वर्तमान में आसमान छूती महंगाई के कारण बड़े संकट से गुजर रही हैं। इस समय में कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना उनके लिए वरदान साबित होगी।



श्रीमती सोनिया गांधी ने कहा, नमस्ते मेरी प्यारी बहनों, स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है, हालांकि आज हमारी महिलाएं भयंकर महंगाई से परेशान हैं। उनकी मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस क्रांतिकारी कदम लेकर आई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनने पर गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा आज हमारी महिलाएं भयंकर महंगाई के बीच संकट का सामना कर रही हैं। उनकी मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस एक क्रांतिकारी कदम लेकर आई है। कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना में हम गरीब परिवारों की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए देने वाले है।

श्रीमती गांधी ने कहा कर्नाटक और तेलंगाना में पहले ही हमारी गारंटियों ने करोड़ों परिवारों की जिंदगी बदल दी है। चाहे मनरेगा हो, सूचना का अधिकार हो, शिक्षा का अधिकार हो या भोजन सुरक्षा हमारी योजनाओं से कांग्रेस पार्टी ने लाखों भारतीयों को ताकत दी है। महालक्ष्मी हमारे इस काम को आगे बढ़ाने की सबसे नई गारंटी है।

## पवार साहब को पता, सुप्रिया हार रहीं... इसकारण घुटने टेक दिए: पीयूष गोयल

**– ईवीएम का मुद्दा....राहुल गांधी को बचाने के लिए**



**मुंबई (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद पीयूष गोयल अपनी 40 साल की राजनीति में पहली बार लोकसभा चुनाव में उतरे हैं। वे मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं। यहां से कांग्रेस के भूषण पाटिल मैदान में हैं। इस सीट के लिए 20 मई को मतदान होना हैं। फिलहाल वे क्षेत्र में जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। इस बीच पीयूष गोयल ने एक इंटरव्यू में कई सवालों के जवाब दिए। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने शरद पवार पर निशाना साधा है। गोयल ने कहा कि जनता में पीएम मोदी, और डिप्टी सीएम फडणवीस के प्रति सहानुभूति है। पवार को अहसास हो चुका है कि बारामती में सुप्रिया सुले हार रही हैं, इसकारण उन्होंने घुटने टेक दिए। शरद पवार सुप्रिया सुले को बचाने के लिए ही संघर्ष कर रहे हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि मुस्लिम वोटों के लिए उद्धव ठाकरे की हड़बड़ी देखकर बाला साहेब की आत्मा को परेशानी होगी।

गोयल ने कहा कि देश के हर राज्य में बीजेपी सांसद होगा। कांग्रेस के घोषणापत्र के बाद भाजपा पर लोगों का भरोसा और बढ़ा है। हम लोगों ने कांग्रेस की भेदभाव की राजनीति को देश के सामने रखा। विपक्ष पांच साल में पांच प्रधानमंत्री चाहता है लेकिन वह एक पर फैसला नहीं कर पा रहा है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस की जनता की संपत्ति बांटने और विरासत कर लगाने की योजना है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। मुसलमानो को आरक्षण देना असंवैधानिक है, हम एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को नहीं देने वाले है। गोयल ने साफकिया है कि प्रधानमंत्री मोदी मराठा समुदाय के हित में काम करने वाले है।

गोयल ने ईवीएम को लेकर विपक्ष के आरोपों का जवाब देकर कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना राज्यों में ईवीएम के ही जरिए जीत हासिल करने वाली कांग्रेस को सत्ता छोड़ देना चाहिए। विपक्ष ईवीएम का मुद्दा इसकारण उठा रहा है ताकि हार की जिम्मेदारी राहुल गांधी पर न पड़े। जांच एजेंसियों पर भी आरोप लगते रहते हैं। लेकिन, जांच संस्थाएं पूरी तरह स्वतंत्र हैं। कांग्रेस काल में ही चीन ने भारत की जमीन हड़प ली। वोट के खातिर कांग्रेस और ठाकरे मुंबई को विभाजित करने की कोशिश में जुटे हैं, मुंबईकरों के बीच झगड़े पैदा कर रहे हैं। मैं मुंबईकर हूं, मुंबईकरों के बीच कोई भेदभाव नहीं है। कांग्रेस और ठाकरे शहीदों की शहादत का अपमान करते हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने खुलासा किया कि पवार ने तीन बार बीजेपी में शामिल होने की कोशिश की थी।

## प्रभु श्रीराम की इच्छा है कि उनका भक्त फिर बने देश का प्रधानमंत्री : योगी आदित्यनाथ

**बाराबंकी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत का दावा करते हुए सोमवार को कहा कि ''हमारे आराध्य प्रभु श्री राम भी यही चाहते हैं कि उनका परम भक्त एक बार फिर देश की सत्ता संभाले''। योगी ने बाराबंकी संसदीय क्षेत्र के हैदरगढ़ और रायबरेली संसदीय क्षेत्र के सरैनी में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। सरैनी में भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव जिताने की अपील करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ''राहुल गांधी वोट मांगते हैं रायबरेली से और उनको समर्थन पाकिस्तान से मिलता है।''

इसके पहले यहां हैदरगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, चौथे चरण के मतदान के साथ ही मोदी लहर अब सुनामी बन चुकी है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिना चेहरा और जाति देखे सबको विकास की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उन्होंने कहा, ''हमारे आराध्य प्रभु श्री राम भी यही चाहते हैं कि उनका परम भक्त एक बार फिर देश की सत्ता संभाले। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में तीसरे चरण में चली मोदी लहर अब चौथे चरण में सुनामी बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर पूरे देश में गूंज रहा है। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका इतिहास घोटालों का रहा है। योगी ने कहा कि ये लोग बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं मगर सच्चाई यही है कि इनके समय लोग भूख से मरते थे, किसान आत्महत्या करता था और नौजवान पलायन करता था। योगी ने कहा, ''मगर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 10 साल मे जो परिवर्तन देखने को मिला है, हम सब उसके साक्षी हैं। पिछले चार साल से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है, 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिला है।''

रायबरेली संसदीय क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''दो ही लोग मोदी जी का विरोध कर रहे हैं या तो रामद्रोही या पाकिस्तान। उन्होंने कहा, पाकिस्तान और रामद्रोहियों के स्वर एक जैसे हो गए हैं। पुलवामा में जवान शहीद हुए, उस घटना का पाकिस्तान का एक मंत्री समर्थन कर रहा था। उस समय आतंकी घटना का समर्थन करने वाला पाकिस्तान का मंत्री आज कांग्रेस के रायबरेली के प्रत्याशी (राहुल गांधी) के समर्थन में बयानबाजी करता है। योगी ने सवाल उठाया, ''राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं, मैं नहीं समझ पाया।



उन्होंने कहा, रहेंगे (राहुल गांधी) हिंदुस्तान में, वोट मांगेंगे रायबरेली में और उनको समर्थन पाकिस्तान से मिलता है। योगी ने लोगों से कहा, ''जिसको समर्थन पाकिस्तान से मिलता है, रायबरेली उसका समर्थन करेगी क्या।'' उन्होंने प्रियंका गांधी वाद्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता का बयान पढ़ रहा था कि मोदी जी बताएं कि 10 वर्ष में रायबरेली में क्या किया। उन्होंने कहा, ''मैं पूछना चाहूंगा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों में क्या किया। बाराबंकी और रायबरेली में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर किया विद्यालय का नाम रोशन

## देवांश प्रताप सिंह ने हाईस्कूल में 98.8 अंक प्राप्त कर जिले में पाया दूसरा स्थान



**धामपुर।** सी,बी,एस,सी, बोर्ड का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का हुआ परिक्षा परिणाम घोषित। प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर प्रियंका मॉडर्न स्कूल का हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल के 31 छात्र छात्राओं ने 90% उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट में पी,सी,एम, ग्रुप में मौ,श्यान 96.6 प्रथम स्थान, हर्ष राजपूत 96,4/द्वितीय स्थान ,हर्ष चौहान 96,4/ तृतीय स्थान, प्राप्त किया।पी,सी,बी, ग्रुप में वैष्णवी सिंह 93,8/प्रथम स्थान, ईशा सिंह 92,6/द्वितीय स्थान,अक्षिता सोलंकी 92,4/तृतीय स्थान, प्राप्त किया।तथा कॉमर्स ग्रुप में निमिष अग्रवाल 96.8/प्रथम , पूर्वी चौहान 95.6/द्वितीय ,स्नेहा मिगलानी 95.2/तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल मे देवांश प्रताप सिंह 98.8/जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया सिद्धार्थ 97.2/द्वितीय स्थान प्राप्त किया, तथा मानवी सिंह, हार्दिक कपूर, एवं तनवी सिंह ने 95.8/अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर प्लानिंग कोऑर्डिनेटर अदिति राणा ने छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उनके माता-पिता एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के योगदान एवं छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



उन्होंने कहा की छात्र-छात्राएं आने वाले समय में देश वह समाज की सेवा करेंगे एवं राष्ट्रीय को ऊंचाई पर ले जाएंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डी,एस नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा विद्यालय हमेशा की तरह छात्र, छात्राओं के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके लिए जीवन में सफलता की कामना की इस अवसर पर राजीव चौहान, ताबिश खान, डी,पी, सिंह ,संजय चौहान, मुकेश कुमार, रूपराज सिंह ,एस,के देवरा ,कमल भट्ट, कर्मेंद्र, सतनाम, जुबेर, रीता राणा , शुभम अग्रवाल, विपिन कुमार, अनुज कुमार, दुष्यंत सिंह, अजय वीर सिंह, कौशल कुमार,आदि एवं समस्त शिक्षकों ने बच्चों की सफलता की कामना की।

# डीएम के अचानक पहुंचने पर जिला अस्पताल मचा हड़-कंप गंदगी देखकर भड़के डीएम एजेंसी को नोटिस





**बरेली।** रिश्वतखोरी में मस्त और स्वास्थ्य सेवाएं देने में पस्त चल रहे जिला अस्पताल में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के अचानक पहुंचने पर हड़कंप मच गया। औचक निरीक्षण में उन्होंने व्यवस्थाओं की पड़ताल के साथ मरीजों का हाल चाल लिया। परिसर में गंदगी मिलने पर सफाई एजेंसी को नोटिस और मलेरिया वार्ड की व्यवस्थायें दुरूस्त करने के निर्देश दिये। डीएम रविंद्र कुमार ने निरीक्षण के समय ओपीडी में उपस्थित रोगियों से उपचार के बारे में पूछताछ की। जिस पर रोगियों ने दबी जुबान से बताया कि सभी सेवाएं उचित प्रकार से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने डॉक्टरों की उपस्थिति भी चेक की। जिलाधिकारी ने मलेरिया के मामलों में त्वरित कार्यवाही करने और जांच करने के भी निर्देश दिए, इसके साथ ही मलेरिया वार्ड को अस्पताल के एंट्री प्वाइंट के आस पास बनाने तथा मलेरिया जांच कक्ष को साइनेज के माध्यम से इंगित किये जाने के निर्देश दिए जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। अक्सर देखा जाता मरीज और तीमारदार मलेरिया वार्ड को खोजने के लिए परेशान रहते हैं। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जिला अस्पताल में साफ-सफाई सही नहीं पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को नोटिस भेजने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विश्राम सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रेन कटकर राजमिस्त्री की मौत परिवार में कोहराम



**बरेली।** रेलवे लाइन क्रॉस करते समय राजमिस्त्री ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जब इसका पता परिवार को चला तो कोहराम मच गया। जानकारी के अुसार थाना किला क्षेत्र के हुसैन बाग का रहने वाला 22 वर्षीय मुन्ना पुत्र रियाज अहमद के भाई ने बताया कि कल शाम को सिटी की तरफ से काम करके लौट रहा था तभी रेलवे लाइन क्रॉस करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# जिपं सदस्य का पति अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार



**अमरोहा।** के डिडौली थाना इलाके में पुलिस ने अवैध तमंचे रखने के आरोप में जिला पंचायत सदस्य पति जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से दो अवैध तमंचे सहित दो जिंदा व आठ खोखा कारतूस बरामद किए हैं।हालांकि कार्यवाही के दौरान आरोपी की तबीयत खराब हो गई थी। जहां पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद आरोपी को थाने लाया गया। जहां उससे मामले में पूछताछ की गई है। उधर पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। दरअसल जिला पंचायत सदस्य पति जितेंद्र सिंह मूलरूप से डिडौली कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर गांव के रहने वाले हैं। उनकी पत्नी ज्योति वार्ड 24 से जिला पंचायत सदस्य हैं। जबकि जितेंद्र सिंह के भाई इंद्रपाल सिंह गांव के प्रधान हैं। जितेंद्र सिंह वर्तमान में जोया-इकोंदा रोड पर रहते हैं। मामले में जानकारी देते हुए सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जितेंद्र सिंह अवैध रूप से तमंचा-कारतूस रखता है। इसके बाद अमरोहा देहात थाना के एसएसआई संदीप कुमार, दरोगा सीमा खोखर और जोया चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार के साथ मिलकर उसके घर पर छापा मारा गया।

### रिजल्ट घोषित होने पर छात्रों छात्राओं ने मनाई खुशियां

# इंटर में पीहू ने 79 आस्था ने 85% अंक प्राप्त कर परचम फहराया हाईस्कूल में यश ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**बरेली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा (सीबीएसई) बोर्ड ने सोमवार को अचानक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी कर दिया। पास हुए बच्चों ने खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। इस दौरान बच्चों ने बताया कि स्कूल और परिवार की मदद से वह में इस मुकाम पर पहुंचे। बिना कोचिंग के आस्था आनन्द ने आज सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 85% अंक के साथ उत्तीर्ण की। इसे पहले भी वह बिना कोचिंग के 10वीं में भी 94% प्राप्त किये थे। इइछपब्लिक स्कूल की छात्रा आस्था आनन्द ने बताया कि वह साधारण परिवार से है। पिता अरविन्द आनन्द का फोटोग्राफी का व्यवसाय है, माता गृहणी है। सीमित आय के कारण महंगी कोचिंग नही कर पाई। घर पर ही रह कर तैयारी की। इस सफलता में अपने माता-पिता व दोनों चाचा का मार्ग दर्शन रहा। आगे बीटेक करने का इरादा है। वहीं, कर्मचारी नगर निवासी दल साहिब दिलीप कुमार के बेटे यश कुमार ने 93.5 प्रतिशत अंक लाकर कर अपने परिवार का नाम रोशन किया। दिलीप ने बताया कि वह आगे जाकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनाना चाहेंगे। उनके स्कूल के साथ-साथ परिवार का भी सहयोग है। इस दौरान स्कूल वालों ने भी छात्रों को बधाई दी। पीहू मेहरोत्रा ने इंटर में 97.6%, अंक लॉकर परिवार का नाम रोशन किया है। पीहू के पिता डॉ पवन कुमार एसआरएमएस मेडिकल में मार्केटिंग मैनेजर नितिन रस्तोगी जी हैं, उनकी बेटी है. राजेंद्र नगर में रहते हैं। व्यास वर्ल्ड स्कूल में 12 की छात्रा पिहु मेहरोत्रा ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल किए. पिहु के पिता डा. पवन कुमार मेहरोत्रा एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ हैं. पिहु पिता की तरह डाक्टर बन कर मरीजों की सेवा करना चाहती हैं. इस बार 12वीं की परीक्षा के साथ पिहु ने इस वर्ष नीट की परीक्षा भी दी है।



## संक्षिप्त डायरी

### कारोबारी के घर से लाखों के जेवर चोरी नोकरानी ने मालकिन और बेटे पर रेप, एससीएसटी की दी धमकी थाना प्रेमनगर में मामले की एफआईआर दर्ज

**बरेली।** प्रेमनगर में कारोबारी परिवार की नौकरानी घर से लाखों के डायमंड और गोल्ड जेवर चोरी कर लिये। मकान मालकिन और उनके बेटे को रेप और एससी एसटी के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। थाना प्रेमनगर में मामले की एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रेमनगर में कांपिटेंट प्राइड ए 2 फर्स्ट फ्लोर की रहने वाली सीमा सेठी ने बताया कि संजयनगर में त्रिमूर्ति रोड की रहने वाली रेखा उनके यहां साफ सफाई करती थी। वर्तमान में वह कैंट के चनेहटी में रहती है। तीन मई को करीब 10 बजे उनकी मां मंदिर से घर आईं। उन्होंने अपने डायमंड टॉप्स निकाल कर मेज पर रखे। रेखा के जाने के बाद मां ने देखा तो उनके टॉप्स गायब थे। घर का सामान चेक किया तो पता लगा कि रेखा गोल्ड चेन पेंडेंट 15 ग्राम, सोने की अंगूठी, आठ ग्राम डायमंड टॉप्स कीमत 50 हजार, चांदी का लोटा 100 ग्राम, चांदी की कटोरी 40 ग्राम, तीन डायमंड अंगूठी, पेंडेंट सेट रूबी पिंक कलर, दो छोटे पेंडेंट धीरे-धीरे चोरी कर चुकी थी। पुलिस के सामने चोरी से मुकरी, कहा रेप में फंसा देंगे रेखा से जब पूछा तो वह बताने के लिए तैयार नहीं हुई। इसके बाद जब 112 नंबर पुलिस बुलाई तो रेखा ने गोल्ड, डायमंड चोरी करने की बात से इनकार कर दिया। थाने जाने पर भी वह चोरी की बात से मुकर गई। कहा कि ज्यादा दबाव बनाओगे तो आपके बेटे को रेप और आपको एससी एसटी के झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। मामले की शिकायत प्रेमनगर पुलिस से की गई। पुलिस ने रेखा के खिलाफ चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अग्रवाल सभा का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 400 युवक युवतियों ने दिया परिचय सेवा ही अग्रवाल समाज का संकल्प व ध्येय- भाजपा के पूर्व मंत्री राजेश अग्रवाल



**बरेली।** गणेश, माता महालक्ष्मी पूजन के साथ ही रविवार से श्री अग्रवाल सभा कल्याण समिति रजि. के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन का शुभारंभ दि कुबेर होटल पुलिस चौकी कर्मचारी नगर के सामने मिनी बाईपास,बरेली उ.प्र. में हो गया । मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि समाज ने सदैव ही परोपकार किया है, सेवा ही अग्रवाल समाज का संकल्प व ध्येय रहा है। सामाजिक समरसता में अग्र समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । इससे पूर्व परिचय सम्मेलन का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, व्यापारी सुरक्षा फोरम के राष्ट्रीय संयोजक अशोक गोयल, विशिष्ट अतिथि अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र रस्तोगी ने कुलदेवी मां महालक्ष्मी, अग्रकुल प्रवर्तक श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। अग्रवाल सभा के पदाधिकारीयों ने स्मृति चिंह प्रदान कर व शॉल ओढ़ाकर अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया तदोपरांत परिचय पुस्तिका का भी विमोचन किया गया । इस अवसर पर संरक्षक विष्णु अग्रवाल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश जल निगम,महामंत्री एडवोकेट दिनेश कुमार अग्रवाल,परिचय सम्मेलन संयोजक सुधीर कुमार अग्रवाल, आलोक कुमार अग्रवाल,रश्मि अग्रवाल,मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल,डॉ. आरती अग्रवाल परिचय पुस्तिका संयोजक अरविंद कुमार अग्रवाल,पंकज अग्रवाल, धन संग्रह संयोजक देवेश कुमार अग्रवाल,शोभित गोयल,रोहित राकेश समेत भारी संख्या में अग्रबंधु मौजूद रहे ।

### अतिक्रमण के नाम पर नोटिस और लाल निशान लगाने का विरोध 50-100 साल पुरानी हैं दुकानें



**बिजनौर।** शहर के दर्जनों लोग इकट्ठा होकर आज कलक्ट्रेट पहुंचे। अतिक्रमण के नाम पर लोकनिर्माण विभाग द्वारा दिए गए नोटिस व घरों और दुकानों पर लगाए गए लाल निशान का विरोध कर कार्रवाई को रोके जाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। सोमवार को बिजनौर शहर विदुर कुटी रोड के रहने वाले दर्जनों लोग इकट्ठा होकर कलक्ट्रेट पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन जिला अधिकारी अंकित अग्रवाल को सौंपा। शहर कोतवाली से लेकर रामलीला चौक तक दोनों साइड के रहने वाले लोगों का कहना है कि उन्हें हाल ही में पीडब्ल्यूडी ने एक नोटिस दिया है। साथ ही उनके मकानों और दुकानों पर लाल निशान लगाया गया है। लोगों का कहना है कि उनकी दुकानों और मकानों को 50 से 100 साल का समय बीत गया है तब से लेकर अब तक तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन अचानक से लोक निर्माण विभाग द्वारा उन्हें नोटिस जारी कर उनके मकान और दुकान के अगले हिस्से को अतिक्रमण बताकर लाल निशान लगाकर व नोटिस जारी कर तोड़े जाने की बात कही गई है। इस दौरान लोगों का कहना है कि अगर उनके मकान और दुकान तोड़े गए तो उनके सामने आर्थिक संकट आ जाएगा और उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा । प्रदर्शन में शामिल लोगों ने डीएम अंकित अग्रवाल को ज्ञापन देकर पीडब्ल्यूडी द्वारा की जा रही कार्रवाई को जल्द रोके जाने की मांग की। इस दौरान विपिन गुप्ता, निसार अहमद, राजीव कुमार, जितेंद्र, हितेश विश्वकर्मा, डॉ. एजाज शमसी, नवीन, राजीव कंबोज ,रेहाना परवीन, वकार अहमद सहित दर्जन लोग मौजूद रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय के छात्र का हॉस्टल में लटका मिला शव



**बरेली।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रावास से एमएससी के छात्र का शव गमछे से लटका मिला। छात्र की पहचान यशपाल सिंह के रूप में हुई। वह एग्रोनॉमी से एमएससी कर रहा था और कमरा नंबर 82 में अकेले रहता था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। छात्र यशपाल सिंह पुत्र मलखान सिंह बरेली जनपद के अमानपुर भगवतीपुर का रहने वाला था। वह विश्वविद्यालय के सरयू हॉस्टल की दूसरी मंजिल पर रूम नंबर 82 में अकेले रहता था और एमएससी एग्रोनॉमी की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार को करीब 4:30 बजे सीड् साइंस एंड टेक्नोलॉजी के छात्र शिव शंकर एवं संजीत, यशपाल सिंह के रूम पर गए और कई बार आवाज लगाए, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। इसके बाद दोनों दोस्तों ने हॉस्टल के कई छात्रों को बुलाया और किसी तरह दरवाजा खोला तो यशपाल कमरे की छत में लगे पंखे से लटका मिला। उसकी तीन बार मास्टर रिसर्च थिसिस रिजेक्ट कर दी थी और उसे पेपर वर्क को लेकर काफी परेशान किया करते थे।

# डकैती की योजना बनाते 4 डकैत गिरफ्तार एक फरार

**बरेली।** फिल्मी अंदाज में डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले डकैतों को पुलिस ने भी फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार किया। फतेहगंज पश्चिमी में कुछ दिन पहले नोहर नगर गांव में हुई डकैती के मामले में पुलिस ने बीती देर रात चार डकैतों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से डकैती में लूटा हुआ सामान बरामद हुआ है। एक डकैत पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पकड़े गए चारों आरोपियों को जेल भेजने की कार्यवाही की गई। फतेहगंज पश्चिमी पुलिस को सूचना मिली कि सोरहा से लौहार नगला को जाने वाली पक्की रोड पर निसार के खेत में बने पक्के मकान के कुछ लोग बाइकों से इकट्ठे हुए हैं। यह लोग गांव में डकैती डालने की योजना बना रहे थे। इन्हीं बदमाशों ने कुछ दिन पहले लौहार नगला गांव में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने फिल्मी अंदाज में इनको पकड़ने की योजना बना डाली और एसएसआई पुष्पेंद्र सिंह पुलिस टीम को साथ लेकर चुपचाप मौके पर पहुंच गए। भेष बदलकर पहुंचे पुलिसकर्मी योजना बना रहे आरोपियों के पास खड़ा हो गया उसने आरोपियों को इस दौरान बाइक पर बैठ डकैती की घटना को अंजाम देने की चर्चा करते सुना। पांचों लोग लौहार गांव में डकैती करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को फिल्मी अंदाज में घेर लियाए लेकिन इस दौरान एक बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम जुबेर पुत्र अनीस अहमद निवासी ग्राम टिटौला फतेहगंज पश्चिमी सोमपाल पुत्र मोतीराम लौहार नगला फतेहगंज पश्चिमी सलीम पुत्र अब्दुल भाई ग्राम सफरी फतेहगंज पश्चिमी मुन्ना उर्फ प्रकाश पुत्र रामरक्षपाल निवासी ग्राम लौहार नगला फतेहगंज पश्चिमी बताया। इस दौरान पुलिस ने फरार अभियुक्त के नाम को लेकर पूछताछ की तो पता चला कि उसका नाम बर्मी लाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम लौहार नगला फतेहगंज पश्चिमी है।

